मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 180

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, गुरुवार, 22 मई, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राज्य में 26 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

## एवं

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन

मुख्य अतिथि

## श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री

गरिमामय उपस्थिति

**श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे**
माननीय राज्यपाल, राजस्थान

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

**श्री अश्विनी वैष्णव**
माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार

**श्री अर्जुन राम मेघवाल**
माननीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार

### शिलान्यास

- गोटन – साथिन (पीपाड़) राज्य राजमार्ग सं. 86-बी के विकास का कार्य
- अमृत 2.0 के अंतर्गत पाली, मारवाड़ जंक्शन, बाली, रानी, सोजत सिटी, फालना, सादड़ी में शहरी जल प्रदाय योजनाओं के पुनर्गठन के कार्य एवं जायका वित्त पोषित जिला झुंझुनूं (285 गांव) व सूरजगढ़ तथा उदयपुरवाटी शहर में पेयजल आपूर्ति कार्य
- डॉ. करणीसिंह लिफ्ट नहर के गिरजासर, गडियाला माइनर, देवड़ा वितरिका, कोलायत वितरिका, नखत बन्ना माइनर और उप-माइनर के कमांड क्षेत्र में फव्वारा सिंचाई प्रणाली का विकास

### लोकार्पण

- अजमेर,ब्यावर, नागौर, जोधपुर, चूरू, हनुमानगढ़, बाँसवाड़ा, डीडवाना-कुचामन, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, सीकर, टोंक एवं जालोर जिलों के 14 राज्य राजमार्गों के 12 विकास कार्य
- बाँसवाड़ा जिले में माही सिंचाई परियोजना की 10 नहर प्रणालियों के पुनर्वास के कार्य
- राजपुरा (बीकानेर) एवं सराड़ा (सलूम्बर) में 132 केवी जीएसएस लाइनें
- नाथद्वारा (राजसमन्द), प्रतापगढ़, पालड़ी (भीलवाड़ा) एवं धौलपुर में नर्सिंग कॉलेज

**22 मई, 2025 | प्रात: 10:30 बजे | स्थान - पलाना, बीकानेर**

**विकास पथ पर राजस्थान**

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


## पुरानी लाइन दस फीट नीची होने से नहीं आ रहा था पानी, उपमुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक दीयाकुमारी का जताया आभार


# मुरलीपुरा में ढाई दशक बाद बदली पानी की जर्जर पाइप लाइन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुरलीपुरा क्षेत्र की कई कॉलोनियों में ढाई दशक पूर्व डाली गई पीने के पानी की जर्जर पाइपलाइन बदली गई। इसके लिए राशि स्वीकृत हो गई है। वार्ड नंबर 15 के विकास नगर-बी में हनुमान मंदिर वाली गली से इसकी शुरुआत हो चुकी है। बुधवार को जैसे ही घरों में पानी आया तो लोगों ने खुशी मनाई। ज्येष्ठ की प्रचंड गर्मी में पानी की सुविधा मिलने से लोग काफी खुश हैं।

इस गली में 25 साल बाद जर्जर पाइप लाइन की जगह नई लाइन डाली गई है। गली के सभी लोगों के कनेक्शन भी कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक दीयाकुमारी तथा स्थानीय पार्षद डॉ. मीनाक्षी शर्मा का आभार जताया है। स्थानीय निवासी मनफूल सैनी ने बताया कि पुरानी पेयजल लाइन करीब 25 साल पहले डाली गई थी जो अब 10 फीट नीची हो गई है। ऐसे में इस गली में गत दस वर्ष से पीने के पानी की समस्या लगातार बनी हुई थी। स्थानीय निवास गोविंद शर्मा ने बताया कि पेयजल लाइन में मिट्टी भरने से पानी का प्रेशर नहीं बन पा रहा था। बूस्टर के सहारे पीने लायक पानी खींच पाते थे। अब बिना बूस्टर के पानी आ रहा है।



### पांच साल पूर्व सर्वे, काम अब

पांच साल पूर्व जलदाय विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विभाग की तकनीकी टीम ने मौके पर पाइप लाइन को चैक किया। पाइप लाइन में से मिट्टी निकलवाने के लिए वाश-आउट भी करवाया गया था, परंतु मिट्टी अधिक जमा होने से पूरी तरह से वाश-आउट नहीं हो पाया। इसके बाद विभाग की तकनीकी टीम द्वारा नई पाइप लाइन डालने के सुझाव पर उच्चाधिकारियों ने नई पाइप लाइन डालने के लिए आश्वस्त किया था। पाइन लाइन डालने के लिए एक करोड़ दस लाख रुपए का प्रपोजल बनाया गया, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में आज तक पीने के पानी की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई थी। स्थानीय निवासियों ने जनवरी माह में उपमुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक दीयाकुमारी से मिलकर समस्या का समाधान करवाने का निवेदन किया। स्थानीय पार्षद डॉ. मीनाक्षी शर्मा और भाजपा विद्याधरनगर मीडिया प्रभारी पकंज गोयल ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के समक्ष बार-बार इस समस्या के समाधान का प्रयास किया। तब जाकर अधिकारी केंद्र सरकार के मिशन अमृत-2 के अंतर्गत नई पाइप लाइन डालने पर राजी हुए। हालांकि मिशन अमृत-2 का पूरा कार्य इस क्षेत्र में चार माह बाद शुरू होने की संभावना है, लेकिन अभी इस गली में समस्या अधिक होने के कारण पहले पाइप लाइन डाली गई है। बाद में मुरलीपुरा की अन्य कॉलोनियों में पूरे प्रेशर से पानी मिलना संभव होगा।

# हमारी सरकार के समय आए सियासी संकट की देन हैं डोटासराः गहलोत

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में पूर्व सीएम ने फिर किया बगावत का जिक्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत गाहे-बगाहे अपनी सरकार के समय सियासी संकट और बगावत के दौर का जिक्र कर सियासत में फिर से उस समय को चर्चा का केन्द्र बना देते हैं।



दरअसल, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर हुई विचार गोष्ठी में पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी पहुंचे। इस दौरान उन्हें सियासी संकट को लेकर जिक्र किया। उन्होंने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा को सचिन पायलट खेमे की बगावत से बने सियासी संकट की देन बताकर नई चर्चाएं छेड़ दी हैं।

इस दौरान गहलोत ने कहा कि तीन बार मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल पूरा करना बहुत बड़ी बात है। तीसरी बार का तो आप लोगों को पता ही हैं। ...सरकार बच गई, वह एक चमत्कार है। यह तो हाईकमान का आशीर्वाद और आपकी दुआएं थीं, इसलिए पांच साल पूरे कर लिए, वरना पांच साल पूरे करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। डोटासरा भी उसी सियासी संकट की देन है। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र में सरकारें गिर गईं, लेकिन हमारी बच गई। महाराष्ट्र में 50 विधायक शिवसेना में चले गए। यहां पर भी हरियाणा चले गए।

गहलोत ने कहा कि जुलाई 2020 में सचिन पायलट खेमे के 18 विधायकों ने हरियाणा के मानेसर में जाकर बगावत कर दी थी। उन्होंने उसी बगावत के बाद पैदा हुए सियासी संकट की तरफ इशारा किया। उस वक्त सचिन पायलट को प्रदेशाध्यक्ष और डिप्टी सीएम पद से बर्खास्त करने के साथ उनके समर्थक दो मंत्रियों को भी बर्खास्त कर दिया था। उसी समय सचिन पायलट की जगह गोविंद सिंह डोटासरा को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनाया था।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पीसीसी अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह और कांग्रेस जयपुर जिलाध्यक्ष आरआर तिवारी की उपस्थिति में एडवोकेट हरिकिशन तिवारी, पीसीसी सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुमताज मेसी, महेंद्र राजोरिया, पंकज दाधीच एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आनंद मंगल मिश्रा आदि ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### गायत्री होम निशुल्क सेल्टर का उद्घाटन



**जयपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर बुधवार को गायत्री सेवा संस्थान की ओर से मॉडल टाउन के कृष्णापुरी कॉलोनी में कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए निशुल्क होम सेल्टर का उद्घाटन किया गया। गयात्री सेवा संस्थान की अध्यक्ष योग्यता पंकज काकू शर्मा ने बताया कि सेल्टर का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किया। बलिदान दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। निशुल्क सेल्टर में 40 बेड उपलब्ध कराए गए हैं, जहां मरीज एवं उनके परिजन रह सकेंगे। कार्यक्रम में पीसीसी महासचिव जसवंत गुर्जर, चौमूं विधायक शिखा बराला, पूर्व विधायक गंगा देवी, कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज, महेश धाकड़, प्रदीप अनिल शर्मा, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बजट वर्ष 2025-26 में किसान हित में की थीं कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

# नई कृषि मंडियों के लिए निशुल्क भूमि आवंटन की स्वीकृति





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों को सौगात दी है। उन्होंने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में घोषित सभी नवीन मंडियों, गौण मंडियों एवं फूड पार्क के लिए निशुल्क भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने सरकारी के साथ-साथ स्थानीय निकाय क्षेत्रों में भी इन मंडियों, गौण मंडियों एवं फूड पार्क के लिए निशुल्क भूमि आवंटन किए जाने की सहमति प्रदान की। इस निर्णय के अन्तर्गत संबंधित निकायों द्वारा 25 प्रतिशत डीएलसी दर पर मंडियों के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा तथा यह 25 प्रतिशत डीएलसी राशि भी राज्य सरकार द्वारा संबंधित निकायों को उपलब्ध कराई जाएगी।

### इन मंडियों के लिए राशि की गई स्वीकृत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मंडियों में नवीन निर्माण, चारदीवारी निर्माण एवं मरम्मत और नवीन सम्पर्क सड़कों के निर्माण के लिए 13 करोड़ 87 लाख रुपए से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इससे सूरजपोल अनाज मंडी जयपुर, कृषि उपज मंडी बूंदी एवं कृषि उपज मंडी सीकर की नवीन सम्पर्क सड़क के कार्य करवाए जा सकेंगे। साथ ही खातोली (कोटा) कृषि उपज मंडी में नवीन निर्माण कार्य, केशोरायपाटन (बूंदी) गौण मंडी कापरेन में चारदीवारी मरम्मत, उप मंडी बापिणी (ओसियां-मथानिया) में चारदीवारी निर्माण के कार्य भी करवाए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने एक अन्य निर्णय में कृषक कल्याण कोष में उपलब्ध राशि में से कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को 11.50 करोड़ एवं 20 करोड़ रुपए की राशि का बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए आवंटन/हस्तान्तरण किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है।

### इन मंडियों के विकास का मार्ग हुआ प्रशस्त

राज्य बजट वर्ष 2025-26 में बीदासर (सुजानगढ़-चूरू), भिनाय, रूपनगढ़ (अजमेर), टपूकड़ा (खैरथल तिजारा), रामगढ़ (पचवारा-दौसा), नावां, खाटू खुर्द (डीडवाना-कुचामन), सीमलवाड़ा (डूंगरपुर), राजाखेड़ा (धौलपुर), रियाबड़ी (मेड़ता-नागौर) में कृषि उपज मंडी, सिरोही, माखूपुरा (अजमेर), बर (जैतारण-ब्यावर) में फल सब्जी मंडी, बनेठा (टोंक), मण्डार (सिरोही), बहरावण्डा कलां (सवाईमाधोपुर), नासिरदा (टोंक) व सेखाला (जोधपुर) में गौण कृषि मंडी की घोषणा की गई थी। साथ ही भरतपुर की अनाज एवं सरसों मंडी को शहर से बाहर स्थानांतरित किए जाने, अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर) में मिनी फूड पार्क एवं सांचौर (जालौर) में एग्रो फूड पार्क की घोषणा भी की गई थी।

# 10 डेंटिस्ट्स को मिला अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा



### महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी परिसर स्थित जयपुर डेंटल कॉलेज में बुधवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इमिडीएट लोडिंग बेसल इम्प्लांट कोर्स उपरांत 10 डेंटिस्ट्स/डॉक्टर्स को यह डिप्लोमा प्रदान किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग ट्रस्टी, पूर्व अध्यक्ष राजस्थान स्टेट डेन्टल कौंसिल डॉ. विकास जैफ मौजूद रहे। अध्यक्षता वाइस चांसलर डॉ. मनोहर भट्ट ने की। जर्मनी से पधारे डॉ. स्टीफन हेडे और डॉ. एंटोनिना हेडे विशिष्ट अतिथि रहे।

डॉ. विकास जैफ ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर डेंटल कॉलेज राजस्थान ही नहीं, पूरे भारतवर्ष में उच्च क्वालिटी की डेंटल शिक्षा एवं नवाचार का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह विशेष डिप्लोमा कोर्स वर्ष 2020 से जयपुर डेंटल कॉलेज में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है और पूरे देश में यह कोर्स केवल जयपुर डेंटल कॉलेज में उपलब्ध है। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से डेंटिस्ट्स को इमिडीएट लोडिंग बेसल इम्प्लांट तकनीकी विशेषज्ञता में दक्षता दी जाती है, जो आधुनिक डेंटल चिकित्सा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने डेंटिस्ट को मानव की सेवा के लिए प्रेरित किया और विश्व पटल पर भारतीय डेंटिस्ट्री की मजबूत पहचान स्थापित करने की बात कही।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय इम्प्लांट फाउंडेशन तथा महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के मध्य इस कोर्स के लिए 5 वर्षों के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग का नवीनीकरण किया गया। अभी तक 80 स्कोलर्स को यह कोर्स अवार्ड किया गया है तथा कोर्स के दौरान 200 मरीजों को फुल माउथ रेहबिलिटेशन इम्प्लांट किया गया है।

कार्यक्रम में डॉ. विवेक गौड़ को चीफ मेंटर एवं डॉ. येन वारिस यूक्रेन को मेंटर के रूप में सम्मानित किया गया। मेजर मार्टिन (हंगरी) सहित भारत के अलग-अलग राज्यों के 10 डेंटिस्ट को यह डिप्लोमा प्रदान किए गए। समारोह में डॉ. प्रशांत पिल्लई, डॉ. योगेश यादव, डॉ. महेन्द्र तिवाड़ी, डॉ. मनोज भारद्वाज, डॉ. सुनील कुमार एम वी, डॉ. राजेश गुर्जर एव डॉ. विक्रम सहित विश्वविद्यालय के फैकल्टी एवं कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# गर्मियों की छुट्टियों में रेलवे चला रहा स्पेशल ट्रेन

### यात्रियों का सफर होगा आसान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त यातायात को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 04708 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल एकतरफा रेलसेवा 23 मई को बांद्रा टर्मिनस से दोपहर 3 बजे रवाना होकर अगले दिन शनिवार सुबह 10:40 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड़, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड़, अजमेर व किशनगढ़ स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### जोधपुर-बीकानेर-भगत की कोठी स्पेशल

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 04819 जोधपुर-बीकानेर स्पेशल 22 मई को जोधपुर से देर रात 3 बजे रवाना होकर सुबह 7:30 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04820 बीकानेर-भगत की कोठी (जोधपुर) स्पेशल 22 मई को बीकानेर से दोपहर 12:55 बजे रवाना होकर शाम 5:40 बजे भगत की कोठी (जोधपुर) पहुंचेगी। जोधपुर-बीकानेर स्पेशल राई का बाग, मेड़ता रोड, नागौर व देशनोक स्टेशनों पर ठहराव करेगी, जबकि बीकानेर-भगत की कोठी (जोधपुर) स्पेशल देशनोक, नागौर, मेड़ता रोड, राई का बाग व जोधपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# सांसद बेनीवाल का शहीद स्मारक पर धरना जारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में एसआई भर्ती घोटाले को लेकर सांसद हनुमान बेनीवाल का धरना बुधवार को भी शहीद स्मारक पर जारी रहा। बेनीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके पुराने वादे याद दिलाते हुए भाजपा पर सीधा हमला बोला। धरने से पहले सांसद बेनीवाल ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें विधानसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी का भाषण था। उन्होंने कहा कि मोदी ने बेरोजगारों को न्याय दिलाने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद भाजपा ने उन वादों को भुला दिया। सांसद ने ऐलान किया कि 25 मई को जयपुर के मानसरोवर में एक लाख युवा एकत्र होकर अपने हक और अधिकार की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा



कि यह रैली एसआई भर्ती रद्द कराने की निर्णायक लड़ाई होगी।

### पर्ची से बने सीएम नहीं पकड़ पा रहे असली दोषियों को

बेनीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजस्थान में पर्ची के जरिये मुख्यमंत्री बनाया है, जो पेपर लीक घोटालों के असली गुनहगारों तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अब कांग्रेस के नेताओं और रसूखदार अफसरों को बचा रही है, जो इन घोटालों के मास्टरमाइंड थे। बेनीवाल ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ भर्ती रद्द कराने का नहीं, बल्कि राजस्थान के युवाओं के उज्जवल भविष्य की लड़ाई है।

# सरकारी आवास में किराए पर रह रहा आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को आवास मिलते हैं, लेकिन वो उनको महंगे किराए पर दे देते हैं। कई बार तो किराए के लोभ के चलते कर्मचारी अपराधियों को भी अपना सरकारी आवास दे देते हैं। वैधानिक रूप से सरकारी आवास केवल सरकारी कर्मचारी को उनके परिवार सहित रहने के लिए दिया जाता है, उसको किराए पर देना वैधानिक नहीं हैं। मुख्य सचिव के पास सचिवालय में कार्यरत सहायक कर्मचारी लक्ष्मीकांत सोनी ने लिखित में शिकायत दी है कि एच-548 में किराए से एक आपराधिक व्यक्ति रह रहा है, जो वहां निवास कर रहे व्यक्तियों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इसको लेकर सोनी ने पुलिस में मामला भी दर्ज कराया है। साथ ही उन्होंने सहायक कर्मचारी संघ के सदस्यों के साथ मुख्य सचिव को इस मामले की जानकारी दी है। इसकी जांच करवाने की भी मांग की है।

# आईएनएस कौंडिन्य भारत की समुद्री विरासत का नया प्रतीकः शेखावत

### कारवार में नौसेना बेड़े में शामिल हुआ पारंपरिक तकनीक से बना अनोखा जहाज, नाम भारतीय नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा गया

महानगर संवाददाता



**जयपुर/कारवार (कर्नाटक)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बुधवार को कारवार नौसेना बेस पर पारंपरिक तकनीक से बने विशेष जहाज आईएनएस कौंडिन्य को नौसेना बेड़े में शामिल किया। इसका नाम भारतीय नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा गया है। उन्होंने हिंद महासागर को पार करके साउथ-ईस्ट एशिया की यात्रा की थी।

इस मौके पर शेखावत ने कहा कि यह सिर्फ एक जहाज नहीं, भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। शेखावत ने ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना की भूमिका और आत्मनिर्भर भारत में योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की इस ऐतिहासिक पहल से देश में डिफेंस टूरिज्म को नया आयाम मिलेगा। भविष्य में कारवार में एक इंटरेक्टिव संग्रहालय और विजिटर गैलरी भी बनाई जाएगी।

### 'विकास भी, विरासत भी' की सोच का सजीव उदाहरण

शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच 'विकास भी विरासत भी' को आगे बढ़ाते हुए कहा कि यह जहाज भारत की प्राचीन समुद्री शक्ति और सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर दर्शाने वाला कदम है। उन्होंने इसे परंपरा, प्रौद्योगिकी और आत्मनिर्भरता का संगम बताया।

### संस्कृति मंत्रालय ने फंडिंग की, 2 साल में तैयार हुआ

नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि आधुनिक वेसल (पोत) से अलग इस सिले हुए जहाज में चौकोर पाल और स्टीयरिंग बोर्ड लगा है। स्टीयरिंग बोर्ड का उपयोग पतवार के आविष्कार से पहले जहाज को कंट्रोल करने के लिए किया जाता था। इसके अलावा शिप के पाल पर गंधभेरुंड (दैवीय पक्षी) और सूर्य की आकृतियां हैं। उसके बो पर नक्काशीदार शेर और डेक पर हड़प्पा शैली का पत्थर का लंगर लगाया गया है। सिलाई तकनीक से जहाज बनाने के प्रोजेक्ट में संस्कृति मंत्रालय, नौसेना और होदी इनोवेशन शामिल थे। इनके बीच जुलाई, 2023 में समझौता हुआ था। संस्कृति मंत्रालय ने इसके लिए फंड दिया था। 12 सितंबर, 2023 को जहाज की कील बिछाने का काम हो गया था।

केरल के कारीगरों ने इसे बनाने में पूरी तरह से पारंपरिक तरीकों और कच्चे माल का इस्तेमाल किया। मास्टर शिपराइट बाबू शंकरन के नेतृत्व में हजारों कारीगरों ने हाथ से सिले हुए जोड़ बनाए। शिप फरवरी, 2025 में गोवा के होदी शिपयार्ड में लॉन्च किया गया था। इस जहाज को बनाने में लकड़ी, नारियल के रेशों वाली रस्सी और सिंथेटिक का इस्तेमाल किया गया। यह अजंता गुफाओं की एक पेंटिंग से प्रेरित था। यह हमारे आधुनिक जहाज बनाने के इतिहास में एक दुर्लभ उपलब्धि है।

जयपुर
जयपुर, गुरुवार, 22 मई, 2025
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
# महानगर टाइम्स

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
www.mahanagartimes.com



सभा स्थल पर तैयारियों का जायज लेते सीएम भजनलाल शर्मा व अन्य।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार वीर धरा राजस्थान आएंगे मोदी

# पाकिस्तान को विकसित भारत की बताएंगे ताकत



**बीकानेर से 26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की करेंगे शुरुआत**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पड़ोसी पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को पहली बार राजस्थान आएंगे और भारत-पाक सीमा पर स्थित बीकानेर जिले से देश के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन तथा प्रदेश की 26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत कर पड़ोसी मुल्क को विकसित होते भारत की ताकत दिखाएंगे। भीषण गर्मी के बावजूद बीकानेर के पलाना में पीएम की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा और सरकार ने इंतजाम पूरे कर लिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को ही बीकानेर पहुंच गए और तैयारियों का जायजा लिया।

प्रधानमंत्री गुरुवार सुबह करीब पौने दस बजे विशेष विमान से नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां उनके स्वागत के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री शर्मा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मौजूद रहेंगे। यहां से मोदी सबसे पहले देशनोक में करणीमाता मंदिर जाएंगे। इसके बाद पलाना (देशनोक) में सभा को संबोधित करेंगे। यहां से अमृत भारत योजना में प्रदेश के पुनर्विकसित आठ स्टेशनों सहित देश के 103 स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही लगभग 26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी करेंगे।

### आतंक को देंगे कड़ा संदेश

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री पहली बार राजस्थान आ रहे हैं और इनकी यह यात्रा इस मायने में अहम मानी जा रही है कि राजस्थान की 1072 किमी की सीमा पाकिस्तान से लगती है। ऐसे में यहां से देशभर के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन और 26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत कर वे पड़ोसी मुल्क को यह संदेश देंगे कि भारत एक तरफ जहां सीमा पर दुश्मन को करारा जवाब दे रहा है, वहीं देश की विकास परियोजनाएं भी पूरी गति से चल रही हैं और विकसित होता भारत पूरी ताकत से हर चुनौती का मुकाबला करने के लिए तैयार है। अपनी यात्रा के दौरान मोदी बीएसएफ के जवानों और नाल एयरबेस पर तैनात वायुसेना के सैनिकों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

### पीएम ने बताया ऐतिहासिक दिन

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि भारतीय रेल के लिए यह दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। बीकानेर में सुबह करीब 11:30 बजे अब तक रिडवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा।

**उधर सीएम** ने पीएम मोदी की यात्रा से पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि बीकानेर से 100 से अधिक अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किए जाने से ना सिर्फ यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्राप्त होंगी, अपितु स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस ऐतिहासिक सौगात के लिए प्रधानमंत्री का आत्मीय आभार।

### यह हैं तैयारियां

- पलाना गांव में सभास्थल पर 54 ब्लॉक बनाए गए हैं। आगे का ब्लॉक वीवीआईपी, मीडिया और महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगा।
- तेज गर्मी को देखते हुए सभास्थल पर ही 50 बेड का अस्थाई हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। यहां भर्ती करने की सुविधा रहेगी। दवाओं का भी इंतजाम रहेगा। सीनियर डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई जा रही है।
- सभास्थल पर पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। हर ब्लॉक में पानी के 100-100 कैम्पर रहेंगे। ठंडे पानी के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जगह-जगह पानी के टैंकर रहेंगे। विधानसभा क्षेत्रवार भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है।
- 15 एंटी स्मॉग गन वाहन तैनात रहेंगे।
- तीन मेडिकल टीम तैनात की जाएगी। हर टीम में एक सीनियर डॉक्टर रहेगा।
- पीबीएम हॉस्पिटल में आईसीयू और ऑपरेशन थिएटर रिजर्व रखे गए हैं, ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके।

### एक लाख से ज्यादा भीड़ की उम्मीद

बीकानेर में हालांकि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान 45 डिग्री से ऊपर दर्ज हो रहा है, इसके बावजूद भाजपा और राज्य सरकार इस सभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी है। सभा में एक लाख से ज्यादा लोगों को लाने की तैयारी है।

### बूंदी रेलवे स्टेशन लोकार्पण में स्पीकर बिरला रहेंगे मौजूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बीकानेर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बूंदी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकसित भवन का लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर बूंदी में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मौजूद रहेंगे।

## नारायणपुर मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर, 1 जवान शहीद

डेढ़ करोड़ का इनामी राजू भी मारा गया

महानगर संवाददाता



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ स्थित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में अब तक 30 नक्सली ढेर हो गए। वहीं एक जवान शहीद और एक जवान घायल हो गया। बताया जा रहा है कि डेढ़ करोड़ रुपए का इनामी खूंखार नक्सली बसव राजू भी मुठभेड़ में मारा गया है। वहीं नक्सली कमांडर रूपेश और कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। गौरतलब है कि नवंबर 2018 में गणपति के बाद बसव राजू को नक्सल संगठन की कमान सौंपी गई थी। फिलहाल पुलिस अधिकारियों के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर क्षेत्र में नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और महासचिव बसवा राजू मौजूद हैं। इसके बाद चार जिलों यानी दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव से डीआरजी के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। इसी बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में 30 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया।

विकास की बयार : टोडी मोड से प्रहलादपुरा तक 43 किमी लंबे रूट पर चलेगी मेट्रो

## सीएम ने जयपुर मेट्रो फेज-2 की डीपीआर का किया अनुमोदन

**जयपुर (मसं)।** राजधानी में मेट्रो रेल के प्रसार को लेकर बुधवार को अच्छी खबर आई। जयपुर मेट्रो को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए फेज-2 की डीपीआर का अनुमोदन किया। अब मेट्रो फेज-2 के तहत टोडी मोड़ से प्रहलादपुरा तक 43 किमी लंबे रूट पर मेट्रो दौड़ेगी। इस निर्णय के बाद अब डीपीआर को मेट्रो रेल नीति, 2017 के तहत केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से अनुमोदन के लिए भिजवाया है। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलते ही इस परियोजना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में जयपुर मेट्रो के फेज-2 का कार्य हाथ में लिए जाने की घोषणा की गई थी। यह परियोजना ना केवल जयपुरवासियों के सफर को सुगम बनाएगी, बल्कि शहर की अर्थव्यवस्था और निवेश की संभावनाओं को भी नई ऊंचाई देगी। लगभग 12 हजार 260 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के लिए एडीबी और एआईआईबी ने वित्तीय ऋण प्रदान करने की सहमति दी है।

## आरबीएसई 12वीं का परिणाम आज

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं परीक्षा का परिणाम 22 मई को शाम 5 बजे जारी किया जाएगा। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर 5 बजे ऑनलाइन जुड़कर अजमेर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय से परिणाम जारी करेंगे तथा तीनों संकायों में दो टॉपर विद्यार्थियों से बात करेंगे। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा के अनुसार विज्ञान, कला और वाणिज्य संकायों का रिजल्ट एक साथ जारी किया जाएगा। इस साल कुल 8 लाख 93 हजार 616 स्टूडेंट परीक्षा के लिए रजिस्टर्ड थे। इनमें से साइंस में 2 लाख 73 हजार 984, कॉमर्स में 28 हजार 250 आर्ट्स में 5 लाख 87 हजार 475 और वरिष्ठ उपाध्याय में 3907 छात्र पंजीकृत थे। स्टूडेंट अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे। पिछले साल की तरह इस साल भी तीनों संकायों का परिणाम एक साथ जारी किया जा रहा है। शर्मा ने बताया कि बोर्ड की ओर से 10वीं क्लास का रिजल्ट भी जल्दी ही घोषित किया जाएगा, जिसकी तिथि की घोषणा भी जल्द की जाएगी।

आसमान से बरस रही आग

## तेज गर्मी, 7 शहरों का पारा 45 पार, श्रीगंगानगर 47.6

**जयपुर (मसं)।** प्रदेश में आसमान से सूरज आग उगल रहा है। यहां रात के बाद से सीधी दोपहर हो रही है, प्रभात वेला तो मानो खत्म सी हो गई है। अब तो उष्ण रात भी हो रही हैं। लू का अहसास रात को भी हो रहा है। गर्मी के चलते एसी फेल हो गए। प्रदेश के 7 शहरों का दिन का पारा 45 डिग्री के पार दर्ज किया गया। 47.6 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर का दिन और 32.5 डिग्री के साथ चूरू की रात सबसे गर्म रही। श्रीगंगानगर के अलावा पिलानी का दिन का पारा भी 47 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के 18 शहरों में गुरुवार से चार दिन आंधी-बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

**चार संभागों में 4 दिन आंधी-बारिश**

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बुधवार को जयपुर, भरतपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग में 22-26 मई तक कहीं-कहीं आंधी, मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

### दिल्ली-एनसीआर में आंधी-बारिश, 2 की मौत

दिल्ली-एनसीआर में बुधवार शाम करीब 7 बजे से अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी के साथ बारिश हो हुई। कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। इस दौरान करीब 80 किमी की रफ्तार से हवा चली। जगह-जगह पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। इसके चलते दो लोगों की मौत हो गई।



# कोविड का नया वैरिएंट खतरे की घंटी

## दक्षिण-पूर्व एशिया में कोरोना की नई लहर ने बढ़ाई चिंता

**देश-दुनिया** पर कोरोना का संकट एक बार फिर मंडरा रहा है। वैसे देश में प्रभावितों की संख्या मामूली है। 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। अभी बीते सप्ताह के ताजे आंकड़ों के अनुसार संख्या कम जरूर है लेकिन सच्चाई भी है कि मामले या तो समझ नहीं आ रहे या दर्ज नहीं हो रहे हैं। बीते सप्ताह केरल में 69, महाराष्ट्र में 44 और तमिलनाडु में 34 मामले दर्ज हुए। लेकिन शेष एशिया में जिस तरह से कोविड के मामले दर्ज हो रहे हैं, वे चिंता बढ़ाते दिख रहे हैं। अभी नया वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है। यह पहली बार अगस्त, 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे दिसंबर, 2023 में ही 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर साफ किया था कि यह ओमिक्रॉन बीए 2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एलएफ7 और एनबी1.8 की संख्या ज्यादा थी। कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में ज्यादा असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़े हैं। अकेले सिंगापुर में मई की शुरुआत में 14,200 से ज्यादा नए मामले आए। इन जगहों पर भी जेएन1 और उसके उप-वैरिएंट ज्यादा मिल रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन देशों में बढ़ते मामलों का कारण वहां लोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर देखें तो तमिलनाडु, केरल और महाराष्ट्र में धीरे ही सही, इसका बढ़ना अच्छा संकेत नहीं है। बीते 18 मई को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रैविस हेड कोरोना संक्रमित हुए तो दूसरे ही दिन बिग बॉस फेम शिल्पा शिरोडकर भी शिकार हो गईं। इतना तो समझ आ गया है कि सिंगापुर अब नया हॉटस्पॉट बनकर उभर रहा है। सप्ताहभर में ही संक्रमण के मामलों में 28 फीसदी की वृद्धि चिंताजनक है। चीन से छन-छनकर जो निकल रहा है वहां भी बीते एक महीने में कोरोना मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन चीन से जितने वैरिएंट सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा। यहां यह ध्यान रहे कि, इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वे हैं जो कोमोरबिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं। इसमें प्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियां होती हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोरबिडिटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वाले बुजुर्गों, कोमोरबिडिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है। भारत में फिर से कोरोना वायरस के मामले धीरे-धीरे बढ़ने लगे हैं। मुंबई के एक अस्पताल में दो मरीजों की मौत के बाद भ्रम की स्थिति बनी है। अस्पताल ने इन्हें गंभीर बीमारियों से हुई मौत बताया जिसका कोविड-19 से कोई संबंध नहीं था। अस्पताल का कहना है कि मौतें कोविड-19 से नहीं, बल्कि हाइपोकैल्सीमिक दौरे और कैंसर के साथ नेफ्रोटिक सिंड्रोम जैसी गंभीर बीमारियों के कारण हुई हैं। लेकिन चर्चा है कि दोनों मृतकों में कोविड के लक्षण थे। लगता नहीं कि ऐसी ऊहापोह वाली स्थितियों से कोविड को लेकर फिर पहले जैसा भ्रम फैलेगा! इसी कड़ी में हांगकांग के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ का बयान चिंताजनक है जिसमें उन्होंने माना कि कोरोना वायरस के मामले वहां तेजी से बढ़ रहे हैं। सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने की संख्या अभी साल के महज पांचवें महीने में ही उच्च स्तर पर पहुंच गई है। जबकि चीन में श्वास संबंधी बीमारियों की जांच करवाने वाले मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने होना चिंताजनक है। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। साथ ही चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर तेज भी हो सकती है। साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि कोविड के पुष्ट मामलों की मौजूदा संख्या 257 है। देश की आबादी के दृष्टिगत यह बहुत कम है। अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से निगरानी रख हुए है। देशभर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि वे सभी पर्याप्त इंतजाम रखें। जरा-सा संदेह होने पर चिकित्सकीय परामर्श में कोताही न बरतें। अच्छा हो कि अभी से सचेत हो जाएं। भारत में पिछले एक साल में सबसे अधिक 257 सक्रिय केस दर्ज किए गए हैं, जिससे लोगों में हलचल तेज हो गई है। हालांकि, एम्स के एक्सपर्ट डॉ. संजय रॉय का कहना है कि जेएन-1 एक साल पुराना वेरिएंट है, कोई नया वायरस नहीं है। न ही यह कोई नया स्ट्रेन है। पॉजिटिव केस इसलिए सामने आ रहे हैं क्योंकि टेस्ट किए जा रहे हैं। मौजूदा हालात में जेएन1 को लेकर घबराने वाली बात नहीं है। अभी तक इसको लेकर साइंस यही कहता है कि यह कॉमन कोल्ड है, इससे ज्यादा कुछ नहीं। स्वास्थ्य मंत्रालय का भी कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन के एक्सपर्ट और कोरोना वैक्सीन ट्रायल के प्रमुख रहे डॉक्टर संजय रॉय ने बताया कि कोरोना फैमिली के हजार से भी ज्यादा वेरिएंट हैं। लेकिन, मुख्य रूप से सात ऐसे वायरस हैं जो इंसानों को प्रभावित करते हैं। 2002 तक कोरोना वायरस इंसानों के लिए मामूली वायरस माना जाता था। लेकिन पिछले 20 से 25 सालों में इसके इफेक्ट को देखें तो कोरोना परिवार का 5वां वायरस सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम आया। इसके बाद इस परिवार का छठा वायरस मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम कोरोना वायरस (एमईआरएस-कॉव) आया। अब इसका 7वां वायरस कोविड-19 है।



**कोरोना** की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में ज्यादा असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में मामले बहुत ही तेजी से बढ़े हैं। अकेले सिंगापुर में मई की शुरुआत में 14,200 से ज्यादा नए मामले आए। इन जगहों पर भी जेएन1 और उसके उप-वैरिएंट ज्यादा मिल रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन देशों में बढ़ते मामलों का कारण वहां लोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा हालात में जेएन1 को लेकर घबराने वाली बात नहीं है। अभी तक इसको लेकर साइंस यही कहता है कि यह कॉमन कोल्ड है, इससे ज्यादा कुछ नहीं।

# 'भारत अब आतंक नहीं सहेगा, इसका सीधा जवाब देगा'

**भारत** द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को निशाना बनाना केवल पहलगाम हमले की जवाबी कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह आतंकवाद के प्रति भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का ऐलान था। पूरा विश्व आज भारत की तरफ देख रहा है। इस ऐतिहासिक कार्रवाई को लेकर पांचजन्य के समाचार संपादक आदित्य भारद्वाज ने वायु सेना के एयर चीफ मार्शल (सेनि.) राकेश कुमार सिंह भदौरिया से विशेष बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश:



राकेश कुमार सिंह भदौरिया

***ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहली बार तीनों सेनाओं ने मिलकर पाकिस्तान के विरुद्ध समन्वित और सटीक कार्रवाई की। आप इसे कैसे देखते हैं?***

यह एक अभूतपूर्व अभियान था। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट और निर्णायक दिशा दी। उन्होंने कहा भी कि आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों को ऐसा दंड मिलेगा जो कल्पना से परे होगा, जो उन्होंने सोचा भी न होगा। इसी आधार पर तीनों सेनाओं को पूर्ण स्वतंत्रता दी गई जिसके तहत रणनीति तैयार की गई। यह केवल सेना की योजना नहीं थी बल्कि खुफिया एजेंसियों, अंतरिक्ष निगरानी, साइबर यूनिट के साथ तकनीकी विश्लेषण कर लक्ष्यों का चयन किया गया। सेना को परिणाम देने का स्पष्ट आदेश मिला था। यही कारण है कि हम अत्यधिक सीमित समय में, बिल्कुल सटीक लक्ष्यों पर प्रहार करने में सफल रहे। हमने न तो पाकिस्तान की सेना पर लक्ष्य साधा, न ही उसके आम नागरिकों पर। हमने केवल आतंकवाद के ठिकानों पर ही वार किए। बहावलपुर और मुरीदके जैसे स्थानों पर लक्ष्य निर्धारित कर कार्रवाई की। ये वही स्थान हैं, जो आतंकियों के गढ़ बने हुए हैं। यह हमारी राजनीतिक इच्छाशक्ति के चलते हो पाया।

***आप इसका क्या कारण मानते हैं। वहां की हुकूमत या वहां की सेना?***

पाकिस्तान में सेना ही असली सरकार है। वहां चुनी हुई सरकार सिर्फ दिखावे के लिए है। नीति निर्धारण, विदेशी संबंध, रक्षा, सब सेना नियंत्रित करती है। हुकूमत नाम की कोई चीज है कहां। जो है, वह दिखावा है।

***हार के बाद भी पाकिस्तान बार-बार झूठ बोलकर खुद को विजेता बता रहा है। इस पर आप क्या कहेंगे?***

पाकिस्तान की झूठ बोलने की आदत पुरानी है। वह अपनी अवाम को मूर्ख बनाकर, सेना की विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रहा है। वह पहले भी ऐसा ही करता आया है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना के एयरबेस को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, लेकिन कोई प्रमाण नहीं दिखा पाए। न कोई सेटेलाइट चित्र, न कोई वीडियो। वहीं हमने न केवल सटीक हमले किए बल्कि उसके प्रमाण भी प्रस्तुत किए। सेटेलाइट चित्र, आतंकियों के जनाजे के चित्र जिनमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भी शामिल थे। आतंकी ठिकानों की बर्बादी का दृश्य अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी देखा। सीएनएन, बीबीसी, अल जजीरा जैसे मीडिया संस्थानों ने वहां के बारे में जानकारी दी है।

***पाकिस्तान की वायु सेना की स्थिति क्या है? हमारी वायु सेना के सामने वह कहां ठहरती है?***

हम उनसे बहुत आगे हैं। उनके पास कुछ चीन द्वारा उपलब्ध कराए गए हथियार और तकनीकें है, जो हमारे मुकाबले की नहीं हैं। पीएल-15 जैसी मिसाइलों की क्षमताओं को लेकर दावे कुछ भी किए जाते हों, लेकिन हमारे सामने कुछ नहीं हैं। हमारे पास राफेल युद्धक विमान हैं, जो पाकिस्तानी सेना के पास मौजूद एफ–16 से आगे के स्तर का है। राफेल न केवल सटीक है, बल्कि इसके सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और एयर टू ग्राउंड यानी हवा से जमीन पर मिसाइल दागने की क्षमता बेहद शानदार है। पाकिस्तान बार-बार मुंह की खाने के बाद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आता।

***1965 और 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को हराया। तब से अब तक वायु सेना में क्या बदला है?***

तब हमारे पास नेट जैसे स्वदेशी विमान थे, उसके बाद धीरे-धीरे हमने तकनीक में प्रगति की। 1971 में भी हमने पाकिस्तान को हराया। आज हम आत्मनिर्भरता के शिखर पर हैं। हमारे पास ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल है, राफेल जैसा अत्याधुनिक फाइटर, तेजस जैसा स्वदेशी विमान और उपग्रह आधारित निगरानी क्षमता है। अब हम केवल अपनी जरूरतें ही नहीं पूरी कर रहे, निर्यात भी कर रहे हैं।

***पाकिस्तान हर बार परमाणु हमले की धमकी देता है। बावजूद इसके पिछले एक दशक में हमने अनेक बार उसे घर में घुसकर सबक सिखाया है। इस बदले हुए भारत को आप कैसे देखते हैं?***

डरते तो हम पाकिस्तान से कभी नहीं थे। न कल डरे, न आज। हम हर तरह से सक्षम हैं। हम किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरते। प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट कर दिया है कि अब कोई भी आतंकी हमला 'युद्ध' ही माना जाएगा। आतंकियों और उनके संरक्षकों के बीच कोई भेद नहीं किया जाएगा। इसका अर्थ यह है कि जो भी आतंकी गतिविधियों में संलिप्त होगा, वह हमारा लक्ष्य होगा। यह भारत की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा नीति और वैचारिक दृढ़ता का परिचायक है।

***भारतीय सेनाएं अत्याधुनिक तकनीक व स्वदेशी हथियारों से सुसज्जित हैं। इससे हमारी सैन्य क्षमता कितनी बढ़ी है?***

पिछले एक दशक में हमारी सेनाएं बहुत तेजी से अत्याधुनिक हुई हैं। सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट रही है कि सेनाओं को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम होना चाहिए। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' योजनाओं ने हमारी रक्षा उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाई दी है। वायु सेना की बात करें तो राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का समावेश, एलसीए तेजस की तैनाती, लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें और उच्चस्तरीय 'एयर डिफेंस सिस्टम' ने हमारी ताकत को कई गुना बढ़ा दिया है। इस ऑपरेशन में हमने ड्रोनों को जैमर और एंटी-ड्रोन गन से निष्क्रिय किया, एयर मिसाइल्स से पाकिस्तानी ड्रोन और रॉकेट्स को हवा में ही मार गिराया। एस-400, आकाश और स्वदेशी मिसाइल सिस्टम का बेहद प्रभावी उपयोग हुआ। हमारे 'इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम' ने सुनिश्चित किया कि कोई भी पाकिस्तानी विमान हमारी सीमा के पास तक न आ सके।

***क्या आप मानते हैं कि पहलगाम आतंकी हमला पाकिस्तान की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने की साजिश थी?***

बिल्कुल, इसमें कोई संदेह नहीं है। पाकिस्तान इस समय खस्ताहाल है। वह दिवालिया हो चुका है। आईएमएफ से कर्ज लेने और आवाम का ध्यान भटकाने के लिए सुनियोजित तरीके से पाकिस्तान ने यह आतंकी हमला कराया। भारत का डर दिखाकर ही तो सेना वहां पर अपना शासन चला रही है। वहां की अवाम पिछले कुछ दिनों में कई बार सड़क पर उतर चुकी है। उसे अपनी अवाम का ध्यान भटकाना था इसीलिए पाकिस्तान ने ऐसी कायराना हरकत की। पाकिस्तान जानता था कि भारत जवाबी कार्रवाई करेगा, लोगों का ध्यान बंट जाएगा। भारत ने इस बार ऐसा जवाब दिया कि उनका हर मंसूबा चकनाचूर हो गया।

***हमारी सेनाएं आम नागरिकों को निशाना नहीं बनातीं, जबकि पाकिस्तान नागरिकों को निशाना बनाता रहा है। क्या यह उसकी आसुरी प्रवृत्ति नहीं दर्शाती?***

इसमें कोई संदेह नहीं। हमने न केवल आतंकियों को निशाना बनाया, बल्कि पाकिस्तान की सामरिक क्षमताओं पर भी सर्जिकल वार किया। हमारी सेनाओं ने वहां के किसी भी नागरिक को क्षति नहीं पहुंचाई, न किसी गुरुद्वारे, न किसी स्कूल पर हमने बम गिराए। जबकि पाकिस्तान ने ऐसा किया। पाकिस्तानी सेना ने सीमावर्ती इलाकों में हमारे आम नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। उन पर गोले दागे। हम संयमित, सटीक और समन्वित ऑपरेशन करते हैं। यही भारत की सैन्य शक्ति और नैतिक श्रेष्ठता की पहचान है। आप खुद ही अंदाजा लगा सकते हैं कि पाकिस्तान की सेनाएं, जो खुद के पेशेवर होने का दावा करती हैं, वे कितनी पेशेवर हैं। हमारे द्वारा अंजाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल कार्रवाई ही नहीं बल्कि चेतावनी भी है कि भारत अब सहन नहीं करेगा, जवाब देगा, वह भी ऐसा कि दुश्मन दशकों तक याद रखे।

# भाई-भतीजावाद से खोखली होती राष्ट्रीय संस्था एएमयू

शारिक अदीब अंसारी
राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महासभा

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू), जो कभी भारतीयों के लिए आधुनिक शिक्षा और योग्यता का प्रतीक थी, अब वंशवाद के बोझ तले दम तोड़ रही है। सर सैयद अहमद खान ने जिसे नैतिक नागरिकता का गढ़ बनाने की कल्पना की थी, वह अब एक ऐसी जागीर में बदल चुकी है जहां नौकरियां, ठेके और शैक्षणिक सुविधाएं खून के रिश्तों के आधार पर दी जाती हैं। दरअसल, एएमयू कैंपस में 'सर सैयद का घराना' शब्द आधे मजाक और आधे अफसोस में बोला जाता है। सर सैयद नगर, न्यू सर सैयद नगर,भमोला,धोर्रा,दोधपुर,जीवनगढ़, सिविल लाइंस, नेशनल कॉलोनी, जमालपुर और बदरबाग जैसे स्टाफ कॉलोनियों में घूमिए- आपको वही उपनाम बार-बार दिखेंगे- अफरीदी, कयामगंजी, शाहजहांपुरी, पठान, आबिदी, रिजवी, सैयद, बाराबंकी के किदवई। एक क्लर्क का बेटा लैब अटेंडेंट, उसकी पत्नी जूनियर लाइब्रेरियन, उसका चचेरा भाई परीक्षा पर्यवेक्षक, और एक और रिश्तेदार स्कूल की प्रबंधन समिति में- जो सभी की नियुक्तियों पर मुहर लगाता है। एक केंद्रीय रूप से वित्तपोषित राष्ट्रीय संस्था एक बंद सर्कल की रिश्तेदाराना हकदारी के कारण घुट रही है।

**आंतरिक फुसफुसाहट, बाहरी चुप्पीः** नौकरी की रिक्तियां अक्सर विभागीय व्हाट्सएप समूहों और कैंपस की गपशप में पहले फैलती हैं। जब तक आधिकारिक सूचना एएमयू की वेबसाइट पर आती है- वो भी केवल 7-10 दिन की आवेदन समय सीमा के साथ- तब तक 'घराने' के उम्मीदवार के पास नोटरीकृत दस्तावेज, कोऑपरेटिव लैब से अनुभव प्रमाणपत्र और ऐसे लेटरहेड पर छपा सिफारिश पत्र होता है जो बाहरी उम्मीदवारों को कभी उपलब्ध ही नहीं होता।

**छंटाई समितियां और बिरादरीः** शॉर्टलिस्टिंग पैनल में अक्सर टॉप उम्मीदवारों के बिरादरी से संबंध रखने वाले सदस्य होते हैं। एएमयू अधिनियम ऐसे हितों के टकराव को प्रतिबंधित करता है, लेकिन इन घोषणाओं को मोबाइल ऐप की शर्तों की तरह देखा जाता है- पढ़े बिना स्वीकार कर लिया जाता है।

**साक्षात्कार का गणितः** 100 अंकों की नियुक्ति संरचना में 20 अंक साक्षात्कार के लिए होते हैं। एक पैनल सदस्य आसानी से अपने चचेरे भाई के अंक 68 से 72 कर सकता है, जिससे एक योग्य बाहरी उम्मीदवार 71 पर रह जाता है। अपीलें अक्सर रजिस्ट्रार की दराज में खो जाती हैं।



**साक्षात्कार के बाद ट्रांसफरः** अगर कोई 'बाहरी' व्यक्ति नौकरी पा भी जाता है, तो उसे अक्सर किशनगंज या मलप्पुरम के कम फंड वाले केंद्रों में भेज दिया जाता है। 2022 से 2024 के बीच ऐसे पांच कर्मचारी मजबूरी में इस्तीफा दे चुके हैं। उनकी जगह फिर से विज्ञापन देकर स्थानीय रिश्तेदारों को भर्ती किया गया।

**शादीः एचआर रणनीति के रूप में:** कैंपस की लोककथा बताती है कि 2010 के बाद से कम से कम 30 शादियां ऐसी हुई हैं जहां दूल्हा इंजीनियरिंग में और दुल्हन सोशल वर्क में एक ही साल नियुक्त हुई और दोनों के परिवार पहले से एएमयू में कार्यरत। प्रेम अंधा हो सकता है, लेकिन एचआर रिकॉर्ड्स में वेतन श्रेणी चतुर्थ और उससे ऊपर की नियुक्तियां बड़ी संयोगवश नहीं हैं।

**शैक्षणिक पतन और छात्र मोहभंग से रिसर्च में गिरावटः** जब पदोन्नति रिश्तेदारी पर आधारित हो, तो प्रतिष्ठित जर्नल में छपने की जरूरत घट जाती है। 2024 में एएमयू ने 2,100 स्कोपस-इंडेक्स्ड पेपर प्रकाशित किए, लेकिन उसका एफडब्ल्यूसीआई महज 0.64 था- जबकि आईआईटी दिल्ली का 1.56 और जादवपुर यूनिवर्सिटी का 1.02 था।

**पुराना पाठ्यक्रम, पुरानी सोचः** वरिष्ठ संकाय, जो अपने संरक्षकों के प्रति वफादार हैं, वर्षों से सिलेबस नहीं बदलते। आठ विभाग आज भी 2015 से पहले के पाठ्यक्रम पढ़ा रहे हैं।

**छात्रों का मोहभंगः** छात्र जानते हैं कि चाचा या मौसी कंट्रोलर ऑफिस में हो तो फैलोशिप पक्की है। मेरिट एक मिथक है। फिर भी छात्र हार नहीं मानते- झुग्गी बच्चों के लिए नाइट स्कूल चलाते हैं, क्राउडफंडेड जर्नल छापते हैं।

**कुलपति की अनुपस्थिति का शासनकालः** 2023 में विवादास्पद तरीके से नियुक्त नाइमा खातून ने एएमयू के पतन को तेज कर दिया है। उनके पति प्रो. मोहम्मद गुलरेज वही कार्यकारी परिषद अध्यक्ष थे जिन्होंने उन्हें शॉर्टलिस्ट किया और वोट दिया- यह स्पष्ट हितों का टकराव अदालत ने भी नजरअंदाज कर दिया। कार्यभार संभालने के बाद से वे रणनीतिक अनुपस्थिति में शासन करती हैं- हिंसक झड़पों में लापता, संदेहास्पद टेंडर में गैरहाजिर, और शैक्षणिक समीक्षा से अनुपस्थित।

**कार्यकाल में सुरक्षा विफलताः** 16 महीनों में 27 एफआईआर, 15 अवैध हथियार बरामद, कैनेडी हॉल में गोलियां चलाई गईं। वित्तीय अपारदर्शिता ऐसी कि 112 अनुत्तरित आरटीआई, 61 ठेके बिना टेंडर के दिए गए, 219 करोड़ निर्माण कार्यों में गायब। शैक्षणिक उपेक्षा का आलम ऐसा कि आठ विभागों के पास 2024-25 के लिए स्वीकृत पाठ्यक्रम नहीं, 1,000 से अधिक शोध छात्रवृत्तियां लंबित। प्रवेश में इस कदर भ्रष्टाचार कि एमबीबीएस सीटें 40-60 लाख में बेचे जाने के आरोप।

**अलीगढ़ का शहरी गरीबी एक छला गया मिशनः** एएमयू का उद्देश्य अपने शहर को ऊपर उठाना था। इसके बजाए, पारिवारिक भर्ती ने स्थानीय प्रतिभाओं को बाहर कर दिया है। अलीगढ़ की साक्षरता दर 59 पर जमी हुई है- उत्तर प्रदेश के औसत से 12 अंक कम। विवि का सामुदायिक विकास खंड सालाना 40 लाख से भी कम खर्च करता है- जो एक टेंडर घोटाले में निकलने वाली राशि के बराबर है।

भारत के मुस्लिमों में बहुसंख्यक पसमांदा समुदाय एएमयू में नेतृत्व, रोजगार, और नीति-निर्माण से पूरी तरह वंचित है।

**पूर्व छात्रों की मिलीभगतः** दिल्ली, अलीगढ़ पैरेंट बॉडी एसोसिएशन, लखनऊ, रियाद और शिकागो के प्रभावशाली पूर्व छात्र जवाबदेही के बजाय नॉस्टैल्जिया चुनते हैं। उनकी मुशायरों और गोल्फ रीयूनियन में सर सैयद का गुणगान होता है, पर एएमयू की मंडी में तब्दील स्थिति को नजरअंदाज कर दिया जाता है। वे मामूली एनआईआर रैंकिंग सुधार पर तालियां बजाते हैं, पर वैश्विक रैंकिंग में 1001-1200 तक की गिरावट को नहीं देखते। उनकी चुप्पी ही इस सड़ांध की ताकत है।

## राशिफल

**आज दिनांक 22 मई, 2025, गुरुवार, विक्रम संवत् 2082, ज्येष्ठ माह, कृष्ण पक्ष दशमी, पूर्वभाद्रपदा नक्षत्र, वणिज करण, विष्कुंभ योग, राहुकालः दोपहर 2:02 से 3.41 तक, सूर्योदय सुबह 5:47 बजे, सूर्यास्त सायं 7:00 बजे, चंद्रोदय रात 1.55 बजे, चंद्रास्त दोपहर 2:05 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:56 बजे से 12:49 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:10 से 4:58 बजे तक, चंद्रमा मीन राशि में संचार करेगा।**

मेष: कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज दिमाग से नवाजा है– इसलिए इनका भरपूर इस्तेमाल कीजिए। दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। अपने बच्चों को आज समय का सदुपयोग करने की सलाह दे सकते हैं।

वृषभ: सेहत अच्छी रहेगी। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। ऐसी जानकारी जाहिर न करें, जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। आज हो सकता है कि पहली नजर में ही आपको कोई पसंद कर ले।

मिथुन: आपका ऊर्जा–स्तर ऊंचा रहेगा। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फायदा होगा। कोई चिट्ठी या ई–मेल पूरे परिवार के लिए अच्छी खबर लाएगी। आप के दिल की धड़कनें आपके प्रिय के साथ कुछ ऐसे चलेंगी कि आज जीवन में प्यार का संगीत बज उठेगा। खयाली पुलाव पकाने में वक्त जाया न करें।

कर्क: सकारात्मक विचारों को ही दिमाग में आने दें। जितना आपने सोचा था, आपका भाई उससे ज्यादा मददगार साबित होगा। आपकी आंखें इतनी चमकीली हैं कि वे आपके प्रिय की अंधेरी रात को भी रोशन कर सकती हैं।

सिंह: अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन खयाल रखें कि इसे नजरअंदाज करना बाद में भारी पड़ सकता है। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे। सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें।

कन्या: अनचाहे खयालों को दिमाग पर कब्जा न करने दें। शांत और तनाव–रहित रहने की कोशिश करें, इससे आपकी मानसिक दृढ़ता बढ़ेगी। दीर्घावधि निवेश से बचिए और अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ खुशी के पल बिताएं। माता या पिता की सेहत पर आज बहुत धन खर्च करना पड़ सकता है।

तुला: सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को संभाल लेगा। घरेलू काम–काज निपटाने में बच्चे मदद करेंगे। खाली वक्त में उन्हें ऐसे काम करने के लिए उत्साहित करें।

वृश्चिक: विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। कुछ लोग जितना कर सकते हैं, उससे कई ज्यादा करने का वादा कर देते हैं। ऐसे लोगों को भूल जाएं जो सिर्फ गाल बजाना जानते हैं और कोई परिणाम नहीं देते।

धनु: अच्छा समय आने वाला है और आप स्वयं में अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करेंगे। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। एक–दूसरे का नजरिया समझकर व्यक्तिगत समस्याएं सुलझाएं इसे औरों के सामने न लाएं, नहीं तो बदनामी हो सकती है।

मकर: पुराने परिचितों से मिलने–जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताजा करने के लिए अच्छा दिन है। नए कामों को पूरा करने में महिला सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज धार्मिक कामों में आप अपना खाली समय बिताएं।

कुंभ: घर पर काम करते समय खास सावधानी बरतें। घरेलू चीजों को लापरवाही से इस्तेमाल करना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। आज आपका धन कई चीजों पर खर्च हो सकता है, आपको आज अच्छा बजट प्लान करने की आवश्यकता है।

मीन: रक्तचाप के मरीजों को खास खयाल रखने और समय पर दवा लेने की जरूरत है। साथ ही उन्हें कॉलेस्ट्रोल को काबू में रखने की कोशिश भी करनी चाहिए। ऐसा करना आगे काफी लाभदायक सिद्ध होगा। दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें। आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना की वजह बन सकता है।

## जो होता है अच्छा ही होता है!

प्रेरक प्रसंग

**एक** राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरण को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सुअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी अंगुली कट गई। रक्त बहने लगा और व्याकुल हो उठे। मंत्री की ओर देखने पर मंत्री बोले-राजन! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है। राजा पीड़ा में थे ही, मंत्री की बात सुन क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़कर अन्य राह पकड़ ले। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर राजा थोड़े आगे बढ़े ही थे कि उन्हें नरभक्षियों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा की बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि उनके पुजारी ने राजा की कटी अंगुली देखी तो कहा-इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे मंत्री ठीक ही कहता था। भगवान जो करता है अच्छे के लिए ही करता है, मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था। राजा ऐसा सोच रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेम पूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। तदुपरांत राजा ने कह- मेरी अंगुली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इसमें भला तुम्हारा क्या भला हुआ? मंत्री मुस्कुराए और बोले- राजन यदि आपने मुझे भिन्न राह पर नहीं भेजा होता और मैं आपके साथ होता तो अंग-भंग के कारण नरभक्षी आपकी बलि न देते पर मेरी बलि चढ़नी सुनिश्चित थी। इसलिए भगवान जो करता है अच्छा ही करता है पर हमें तत्काल समझ नहीं आता। भीतरी बात-गहरी बात- ईश्वर जो करता है अच्छा ही करता है, पर मानव तू परिवर्तन से क्यों घबराता है।

## सुडोकु 2116

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 5 | 8 | | 7 | | |
| | | | | 7 | 1 | | 9 | 8 |
| | | 7 | 4 | | | 1 | | |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | | | | 4 | 7 | | 8 | 6 |
| | | | 8 | | | 2 | | |
| | | 1 | | | | 9 | 2 | |
| | | 4 | | | | | 6 | |
| | | | | 9 | | 8 | 5 | 4 |

**संकेतः** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 1 | 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |

# भाजपा ने निकाली तिरंगा शौर्य यात्रा, कई सामाजिक संगठन हुए शामिल

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर की ओर से बुधवार को मिशन सिंदूर की सफलता को लेकर जिला मुख्यालय पर तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई।



भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि तिरंगा शौर्य यात्रा का शुभारंभ जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के पास स्थित सिटी सेंटर मॉल से हुआ। इससे पूर्व सिटी सेंटर मॉल पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसको भाजपा नेताओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुखों ने संबोधित किया।

तिरंगा शौर्य यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, खंडार विधायक और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल, भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, सहसंभाग प्रभारी सोमकांत शर्मा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा, खंडार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, बामनवास प्रधान शशिकला मीणा, गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर रहे।

तिरंगा शौर्य यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए अंबेडकर सर्किल तक पहुंची, जहां राष्ट्रगान गाकर यात्रा का समापन किया।

इस दौरान तिरंगा पूर्व विधायक हंसराज शर्मा, पूर्व सैनिक गजेंद्र सिंह, सुरेन्द्र पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, सुरेश जैन, भरत मथुरिया, गंगापुर सिटी सभापति शिवरतन अग्रवाल, यात्रा के विधानसभा संयोजक आचार्य लोकेंद्र शर्मा, सहसंयोजक अशोकराज मीणा, सुमन कंवर, प्रीति पाराशर, कनकलता शर्मा, गीता जैलिया, दीपिका सिंह सहित भाजपा एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में सौंदर्यीकरण और विकास कार्य के लिए सौंपी सहयोग राशि




महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर राउप्रावि सीकरोली, बामनवास को ग्रामवासी भामाशाहों द्वारा प्राप्त 61 हजार 8 सौ रुपए राशि का चेक प्रधानाध्यापक विकास चंद मीना द्वारा मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजनान्तर्गत जमा करवाने के लिए एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता को सुपुर्द किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि राउप्रावि सीकरोली से प्राप्त 61 हजार 8 सौ रुपए की राशि में राज्य सरकार से योजनामद में अंशदान के रूप में प्राप्त 60 प्रतिशत राशि 92 हजार 7 सौ रुपए सहित प्राप्त कुल राशि 1 लाख 54 हजार 5 सौ रुपए से विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय में वॉटर कूलर, इनवर्टर एवं बैटरी सहित अन्य भौतिक विकास कार्य कराए जाएंगे।

इस दौरान सहायक परियोजना समन्वयक शशिकला बंशीवाल, राकेश कुमार मीना, चंद्रमोहन शर्मा, जूनियर एकाउंटेंट सोना बिड़ला, ग्रामवासी, भामाशाह प्रसादी लाल, मलखान, चंपाराम भरतलाल, सुरेंद्र कुमार सेन एसएमसी अध्यक्ष इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्रधान ने निरीक्षण के दौरान अधूरे कार्य को लेकर जताई नाराजगी

### ग्राम पंचायत ढोलावास का पंचायत समिति दल ने किया निरीक्षण

महानगर संवाददाता





**रामगढ़ पचवारा।** पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा प्रधान डॉ. कौशल्या मीणा ने बुधवार को गठित दल के साथ ग्राम पंचायत ढोलावास का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधान कौशल्या मीणा ने अधूरे पड़े कार्य पर नाराजगी जताते हुए ग्राम विकास अधिकारी को कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में प्रगतिरत/पूर्ण निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए दल गठित किया गया है। बुधवार को इस दल के साथ पंचायत समिति प्रधान ने ग्राम पंचायत ढोलावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भेरुजी महाराज के स्थान से नदी की ओर नाला निर्माण कार्य पर जहां संतुष्टि जताई, वहीं नदी की ओर नाला निर्माण कार्य अपूर्ण पाए जाने पर नाराजगी जताई। इस पर ग्राम पंचायत सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि आगे चिनाई कार्य नहीं किया जाकर पाइप लगवाए जाएंगे।

विकास अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने बताया कि पंचायत समिति दल राजकीय सामुदायिक स्वच्छता परिसर व पिंक टॉयलेट मरम्मत/ नवीनीकरण कार्य का राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोलावास बंद होने के कारण निरीक्षण नहीं कर पाया।

विकास अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक शौचालय स्वच्छता परिसर शाहजहांपुरा का रखरखाव ठीक नहीं पाया गया। टूटियां टूटी पाई। वहीं सार्वजनिक जगहों पर सफाई का अभाव पाया गया।

ग्राम पंचायत के गांव पीपली पातलवास कीके राजकीय प्राथमिक विद्यालय में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर व टांका निर्माण कार्य के पाइप व जंक्शन भी टूटे पाए गए। आरआरसी निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी को ठीक कराने के निर्देश दिए गए।

दूसरी ओर पंचायत समिति दल को सार्वजनिक कुआं ढकाई/जाल रखने के कार्य, पौधशाला निर्माण कार्य, नवीन पंचायत भवन परिसर में पार्किंग/टीनशैड निर्माण तथा शॉकपिट/मैजिक पिट व सीसी टाइल्स रोड निर्माण कार्य संतोषजनक पाए गए।

निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी फैलीराम मीणा, तकनीकी सहायक विनोद कुमार मीणा, सरपंच छनमन देवी, ग्राम विकास अधिकारी विशाल शर्मा, समाजसेवी बाबूलाल मीणा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उपखंड अधिकारी ने दिए पट्टाशुदा भूमि के समतलीकरण के आदेश

### कुछ लोगों द्वारा कार्य रोकने पर बेवा ने लगाई थी गुहार



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड अधिकारी बद्रीलाल मीणा ने ग्राम पंचायत पालूंदा निवासी एक बेवा की पट्टाशुदा भूमि के समतलीकरण के आदेश दिए हैं। बेवा कमोद देवी ने उपखंड अधिकारी से अपनी पट्टाशुदा भूमि पर कुछ लोगों द्वारा समतलीकरण किए जाने का विरोध करते हुए गुहार लगाई थी। कमोद देवी ने बताया कि 7 जून को उसकी दो पुत्रियों का विवाह होना है। इसीक तैयारियों को लेकर पट्टाशुदा भूमि को समतल कराने लगी, तो कुछ लोगों ने इसका विरोध करते हुए कार्य रोक दिया और विवाह के कार्यों में अड़चन डालने लगे। इस पर उपखंड अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विकास अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों से कराया अवगत, किया जागरूक



महानगर संवाददाता

**सवाईमाधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्णपाल सिंह एवं अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत गम्भीरा में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य एवं अधिकार मित्र ने ग्रामवासियों को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कानूनी सहायता, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

## डॉ. सुशीला सैनी राष्ट्रीय शिक्षा रत्न-2025 अवॉर्ड से सम्मानित



महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं की बेटी डॉ. सुशीला सैनी सिंघानिया को चंडीगढ़ स्थित एमिटी विश्वविद्यालय मोहाली ने 'राष्ट्रीय शिक्षा रत्न-2025' अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यूनिवर्सिटी ने इसी अवार्ड से सीकर के पूर्व सांसद सुमेदानन्द सरस्वती का भी सम्मान किया है।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक पंजाब राजेंद्र सिंह, भारतीय संसदीय बल के अध्यक्ष डॉ. वीके शर्मा रहे। अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. पुनीत शर्मा ने की। यूनिवर्सिटी यह अवार्ड देश के शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट नवाचार करने वाली प्रतिभाओं को देती है। श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर के समीप स्थित सिंगोदिया परिवार के कैलाशचंद्र सिंगोदिया व शांति देवी की बेटी डॉ. सुशीला पत्नी सुरेंद्र कुमार सिंघानिया वर्तमान में मोहाली की नेशनल पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में पीजीटी बायलॉजी पद पर कार्यरत है। अवार्ड मिलने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं उनकी पत्नी हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने दूरभाष पर डॉ. सुशीला को बधाई दी। सास मोहनी देवी एवं ससुर जयनारायण ने खुशी जताई और मिठाई बांटी।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में पंचशील स्थित राजीव गांधी सर्किल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन ने कहा कि दूरदर्शी सोच के धनी राजीव गांधी ने भारत में कम्प्यूटर एवं सूचना क्रांति का बीज बोया, आज वह वट वृक्ष बन चुका है, जिसकी जड़ों ने भारत को विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा किया है एवं कोरोना महामारी से प्रभावी मुकाबले में संचार तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका साबित हो रही है।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज एवं स्वायतसाशी संस्थाओं को मजबूती प्रदान करने के लिए महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया। दूरगामी सोच से आधुनिक भारत का सपना गढ़ने वाले पूर्व प्रधानमंत्री युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं।

इस दौरान अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, पीसीसी सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल, सचिव सुनील लारा, रेनू मेघवंशी, हाजी इंसाफ अली, नगर निगम अजमेर में नेता प्रतिपक्ष डॉ. द्रोपदी कोली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

## खुले में कचरा जलाने वालों पर नगर परिषद की सख्त कार्रवाई

### चालान काटकर वसूला जुर्माना, सफाईकर्मियों को कारण बताओ नोटिस


महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा खुले में कचरा जलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। परिषद ने मुख्य बाजार क्षेत्र में इकट्ठा किए गए कचरे को आग लगाने पर दुकानदारों के चालान काटकर जुर्माना वसूला है।

नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन मुख्य बाजार में कचरा संग्रहण के लिए ऑटो टिपर भेजे जाते हैं, फिर भी कुछ दुकानदार कचरे को टिपर में डालने की बजाय खुले में जलाकर वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। इस तरह की गतिविधियों से न केवल प्रदूषण फैलता है, बल्कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इस पर नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर दुकानदारों से समझाइश की गई और नियमों की अवहेलना करने पर 1500 रुपए के चालान काटे गए। इसके साथ ही सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर 4 सफाईकर्मियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं।

## जर्जर दीवार की कराई मरम्मत

महानगर संवाददाता



**जैसलमेर।** दुर्ग स्थित नगर आराध्य लक्ष्मीनाथ जी मंदिर में पीपल के पेड़ के पास की दीवार लंबे समय से जर्जर अवस्था में पहुंच गई थी, जिसकी नगर परिषद ने फिर से मरम्मत करा दी है, हालांकि अब दीवार की ऊंचाई ज्यादा होने से वहां बच्चों की पहुंच सुलभ हो गई है। मंदिर दर्शन के लिए आने वाले बच्चे खेलते-खेलते यहां तक पहुंच जाते हैं, ऐसे में उनके नीचे गिरकर चोटिल होने का खतरा बना हुआ है। गौरतलब है कि पूर्व में पीपल के पेड़ के पास की दीवार की ऊंचाई कम थी। अब ऊंचाई होने से इस दीवार पर बच्चे आसानी से चढ़ सकते हैं। इस दीवार के ऊपरी हिस्से पर रेलिंग नहीं होने से बच्चों के गिरने का खतरा रहता है। ऐसे में मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों ने नगर परिषद से दीवार पर रेलिंग लगवाकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## किशनघाट व अमरसागर पंचायतें अब शहर में नहीं होंगी शामिल

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव इंद्रजीतसिंह ने आदेश जारी करते हुए जैसलमेर नगर परिषद की वर्तमान सीमा को यथावत रखने के आदेश जारी किए हैं। आदेश में बताया कि नगर परिषद जैसलमेर की वर्तमान सीमा क्षेत्र में



नवीन सीमा क्षेत्र सम्मिलित किए जाने के लिए विभागीय द्वारा अधिसूचना 12 मार्च को जारी की गई थी। इसके तहत अमरसागर व किशनघाट गांव को शहर में शामिल किए जाने पर इन दोनों गांवों के ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज करवाते हुए विरोध भी जताया था, जिसके बाद सरकार ने निर्णय लेकर अधिसूचना को ही प्रत्याहारित करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। स्वायत्त शासन विभाग के आदेश जारी होने के साथ ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर के 45 वार्डों का परिसीमन किया जाएगा, जिसमें शहरी वार्डों को पूर्व की तरह ही परिसीमन में रखा गया है।

## रात्रि चौपाल में सुनीं समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** अतिरिक्त कलेक्टर भागीरथ शाख और उपखंड अधिकारी राजवीर यादव के निर्देशन में प्रीतमपुरी कस्बे में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। तहसीलदार अभिषेक सिंह ने बताया कि रात्रि चौपाल में कुल 33 शिकायतें सामने आईं। सभी शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज कर संबंधित विभागों को भेज दिया गया है। चौपाल में ग्राम विकास से जुड़ी विभिन्न जन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों में उत्साह नजर आया।

### अराजकता चरम पर : प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री का घर जलाया, पुलिसकर्मियों को पीट-पीट कर दौड़ाया

# सिंधुदेश और पानी के लिए जल उठा सिंध, एक मौत

### कई प्रदर्शनकारी व पुलिसकर्मी हुए घायल

महानगर संवाददाता







**जैसलमेर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में गृह युद्ध जैसे हालात हो गए हैं। सिंध प्रान्त में सिंधुदेश की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है, इसी बीच सिंध के फिरोज जिले के मोरो शहर में पाकिस्तान सरकार द्वारा सिंध प्रान्त के हिस्से का पानी पंजाब को डाइवर्ट करने के लिए बनाई जा रही नहर के निर्माण के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर उत्तर आए।

प्रदर्शन के दौरान सिंध प्रान्त के कानून मंत्री जिया लंजर के लोगों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। परिणामस्वरूप प्रदर्शनकारियों और उनके बीच झड़पें हुईं। जगह-जगह प्रदर्शनकारियों ने उग्र प्रदर्शन किया। पाकिस्तानी अधिकारियों पर हमला किया, वहीं रेंजर्स और पुलिसकर्मियों को बुरी तरह पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। हालांकि गोलिया चलने से कई प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए, जिसमें से एक प्रदर्शनकारी इरफान लघा की मौत हो गई।

इसके बाद प्रदर्शनकारी और उग्र हो गए। उन्होंने पाकिस्तान के गृह मंत्री जिआउल हुसैन लांजर की कोठी पर हमला कर दिया तथा तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी। प्रदर्शनकारी पाकिस्तान आर्मी के काफिले को रोक कर सैनिकों से भिड़ गए। आजादी की मांग की और पाकिस्तान से अलग होने की इच्छा व्यक्त की।

### बलूचिस्तान में विस्फोट, 4 बच्चों की मौत

बलूचिस्तान के खुजदार में आर्मी पब्लिक स्कूल की बस को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में 4 बच्चों की जान चली गई और 38 अन्य घायल हो गए। मासूमों के खिलाफ इस तरह की हिंसा दिल दहला देने वाली है।

सत्यमेव जयते

# विकसित भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम



## राजस्थान की जनता के लिए
## ₹26,000 करोड़ के उपहार




देश भर में
पुनर्विकसित
**103**
**अमृत स्टेशनों**
जिसमें शामिल हैं
राजस्थान के 8 अमृत स्टेशन

मण्डावर महुआ रोड | गोविन्दगढ़ | फतेहपुर शेखावाटी | गोगामेड़ी | देशनोक | राजगढ़ | बून्दी | माण्डलगढ़

एवं

### नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत सेक्टर की
विभिन्न परियोजनाओं
का

## उद्घाटन

चूरू – सादुलपुर रेल खंड का दोहरीकरण (58 कि.मी.)
एवं
विद्युत, सड़क परिवहन और राजमार्ग,
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर्स तथा राजस्थान सरकार की
विभिन्न परियोजनाओं का
**शिलान्यास**

बीकानेर और मुंबई
के बीच
देशनोक रेलवे स्टेशन
से नई एक्सप्रेस ट्रेन का
**शुभारम्भ**

विद्युतीकृत रेल खंड
सूरतगढ़ – फलोदी | फुलेरा – डेगाना | उदयपुर – हिंमतनगर
फलोदी – जैसलमेर | समदड़ी – बाड़मेर
एवं
सड़क परिवहन और राजमार्ग सेक्टर की
विभिन्न परियोजनाओं का
**राष्ट्र को समर्पण**

# नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री

के कर कमलों द्वारा

**गुरुवार 22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे | देशनोक, बीकानेर (राजस्थान)**

### गरिमामयी उपस्थिति

**हरिभाऊ किसनराव बागडे**
राज्यपाल, राजस्थान

**ओम बिरला**
अध्यक्ष, लोक सभा

**भजन लाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**भूपेन्द्र यादव**
केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**
केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

### पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों की मुख्य विशेषताएँ

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

### अन्य परियोजनाओं के लाभ

- चूरू–सदुलपुर रेल लाइन की डबलिंग से ट्रेन संचालन में वृद्धि, यात्रा समय में कमी और स्थानीय व्यापार में वृद्धि
- एक्सप्रेस ट्रेन से व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ
- विद्युतीकृत रेल खंडों से ऊर्जा की बचत

डीडी न्यूज पर लाइव प्रोग्राम देखें | /RailMinIndia हमें फॉलो करें

### भेष बदलकर अलग-अलग राज्यों में काट रहा था फरारी, एके-56 सहित अन्य हथियार बरामद

# कुख्यात गैंगस्टर पपला को थाने से भगाने वाला बदमाश धरा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने करीब 6 साल पहले कुख्यात गैंगस्टर पपला गुर्जर को थाने से भगा ले जाने वाले बदमाश राजवीर उर्फ लारा गुर्जर को राजस्थान-हरियाणा बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एके-56 और अन्य हथियार भी मिले है। पकड़ा गया लारा पपला का खास दोस्त बताया जाता है। आरोपी को पकड़ने के लिए 1 लाख रुपए का इनाम भी रखा था। आरोपी पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग राज्यों में फरारी काट रहा था। यहां तक कि वह भेष बदलकर कई अखाड़ों में भी रहा।




आरोपी राजवीर को भारी सुरक्षा के बीच बुधवार सुबह बहरोड़ एसीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकुल अग्रवाल ने उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि एजीटीएफ जयपुर टीम लगातार आरोपी की तलाशी के लिए सर्च कर रही थी। इस दौरान इनपुट मिला कि इनामी बदमाश राजस्थान-हरियाणा बॉर्डर के रेवाड़ी इलाके में है। इस पर टीम ने आरोपी को कोरेवाड़ी से गिरफ्तार किया। राजवीर के पास से एके-56 के साथ डबल मैग्जीन और 7 जिंदा कारतूस भी मिले है। गैंगस्टर राजवीर ने बहरोड़ थाने में बंद पपला गुर्जर को छुड़वाने के लिए सितम्बर 2019 में एके 47, एके 56 व पिस्टलों से फायर किया था। फायरिंग करते हुए लॉकअप तोड़ कर वे पपला को लेकर फरार हो गए थे। इसके बाद पपला और उसके साथी फरार चल रहे थे। हालांकि करीब एक साल 4 महीने बाद बदमाश पपला को पुलिस ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर से महिला मित्र के साथ गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन, राजवीर उर्फ लारा तब से फरार चल रहा था। आरोपी के नाम के अनुसार ही पुलिस ने ऑपरेशन लारा चलाया।

#### पुलिस को चकमा देने के लिए अखाड़ों में भी रहा आरोपी

राजवीर के खिलाफ महेन्द्रगढ़ हरियाणा में हत्या व मारपीट के कई प्रकरण दर्ज हैं। इसमें हत्या के प्रकरण में वह जमानत पर चल रहा था। राजवीर ने 6 साल के दौरान लगभग 18-20 राज्यों विजय नगर कर्नाटक, महाराष्ट्र के कोल्हापुर व नासिक, गोवा, प्रयागराज उत्तर प्रदेश, हरियाणा व दिल्ली के विभिन्न जिलों में अपनी पहचान छुपाते हुए फरारी काटी है। इस दौरान इसने कई बार भेष बदला और दक्षिणी भारत में विभिन्न अखाड़ों में रहा, ताकि पुलिस को चकमा दिया जा सके। पुलिस उसे पकड़ नहीं पाए इसलिए वह मोबाइल का भी इस्तेमाल नहीं करता था। ना ही वह किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्टिव था।

## अब जोधपुर कलेक्ट्रेट को भी मिली बम से उड़ाने की धमकी

### तलाशी में कुछ नहीं मिला, अब तक 6 कलेक्टरों को मिल चुका ई-मेल



महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** अब जोधपुर कलेक्ट्रेट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल से मिली धमकी के बाद प्रशासन व पुलिस के साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने कलेक्ट्रेट के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार बुधवार सुबह 6 बजे कथित डीएमके केविन केयर चैन्नई के आकाश भास्करन के नाम से यह इमेल जोधपुर कलेक्टर और दक्षिण भारत के मदुरै डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को भी भेजी गई है। धमकी भरे ईमेल में लिखा गया है कि खास इंटेलिजेंस इनपुट मिला है कि मदुरै और जोधपुर कलेक्टर ऑफिस परिसर के अंदर एक आरडीएक्स आधारित आईईडी गुप्त रूप से लगाया गया है। इसे दोपहर 3.30 बजे विस्फोट के लिए प्रोग्राम किया गया। इसके साथ ही एडप्पादी के. पलनीस्वामी और डीएमके जफर सादिक का उल्लेख करते हुए उनकी जांच को विफल करने की बात भी लिखी है। यहां तक कि इस ईमेल में आईपीएस डेविडसन द्वारा कथित रूप से फर्जी पासपोर्ट जारी किए जाने, क्रॉस बॉर्डर नारकोटिक्स नेटवर्क कनेक्शन इत्यादि का उल्लेख भी किया गया है। धमकी से जुड़े ईमेल में डॉ. इज्हीलेन नागानाथन, तमिलनाडू के पूर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर रहे आईपीएस, इटली की हैकिंग टीम के सीईओ डेविड विंसेंजेती इत्यादि का उल्लेख किया गया है। इसी ईमेल में दो जिलों के कलेक्टर को 5 बिंदुओं पर एक्शन लेने को भी कहा गया है, जिसमें कलेक्टर ऑफिस कार्यालय को तत्काल खाली करने, बम निरोधक दस्ते को एक्टिवेट करने, एटीएस को आईईडी निष्क्रिय करने, कलेक्ट्रेट को सुरक्षा घेरे में लेकर साइबर हमले से बचाने और एनआईए या आईबी को जफर सेत्त की लोकेशन ट्रेस कर कार्टल को इंटरसेप्ट करने को कहा गया है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** लाठी थाना इलाके के सोढाकोर गांव के पास बाइक व पिकअप की टक्कर में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। चाचा महताब सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं भतीजे लक्ष्मण सिंह की जोधपुर रेफर के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मृतक महताब सिंह के भाई नरपत सिंह ने लाठी थाना में गाड़ी के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। हालांकि टक्कर के बाद गाड़ी ड्राइवर ही घायलों को हॉस्पिटल लेकर आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। लाठी थाना प्रभारी राजेंद्र खदाव ने बताया कि मेहताबसिंह पुत्र मोहनसिंह निवासी चांधन अपने भतीजे लक्ष्मणसिंह पुत्र नरपतसिंह के साथ चांधन आ रहे थे। इस दौरान सोड़ाकोर गांव के पास बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे चाचा-भतीजा बाइक से दूर जाकर गिरे। हादसे में चाचा मेहताबसिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

### सामने आए चौंकाने वाले तथ्य, दलालों के फोन से ही करता था 90 प्रतिशत अवैध डील

# एसीबी का भ्रष्ट एडिशनल एसपी महंगी शराब का था शौकीन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के एडिशनल एसपी सुरेन्द्र शर्मा की गिरफ्तारी के बाद कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। एसीबी के पास मौजूद रिकॉर्डिंग से खुलासा हुआ है कि शर्मा अपनी 90 प्रतिशत अवैध डील दलालों के फोन से ही करता था।

जनवरी में हुई इन डील की रिकॉर्डिंग एसीबी के पास मौजूद है, लेकिन पांच महीने तक कार्रवाई नहीं होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। एसीबी सूत्रों के मुताबिक 8 से 16 जनवरी के बीच की रिकॉर्डिंग में शर्मा को दलाल रामराज मीणा व प्रदीप उर्फ बंटी पारीक के मोबाइल से सवाई माधोपुर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को धमकाते हुए सुना जा सकता है। एक मामले में तो उसने शौक पूरा करने के लिए एक शराब ठेकेदार से महंगी शराब की चार बोतलें तक मांग डाली।



#### सांठगांठ कर अधिकारियों को पहुंचाई जा रही थी घूस

एफआईआर के अनुसार एसीबी मुख्यालय में तैनात एएसआई सूरज बाली को सूचना मिली कि सवाई माधोपुर निवासी रामराज मीणा अवैध बजरी खनन को संरक्षण देने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर अधिकारियों को घूस पहुंचाई जा रही है। इसके बाद रामराज के मोबाइल को सर्विलांस पर लिया गया। इसमें खुलासा हुआ कि रामराज मीणा एसीबी सवाई माधोपुर चौकी के एएसपी सुरेन्द्र कुमार शर्मा के लिए अन्य विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई का भय दिखाकर घूस ले रहा है।

#### जनवरी में मिले सबूत, मई में गिरफ्तारी पर खड़े हुए सवाल

एफआईआर के अनुसार एसीबी के पास 6 से 16 जनवरी 2025 तक की रिकॉर्डिंग मौजूद थी, जिसमें एडिशनल एसपी सुरेन्द्र शर्मा की भ्रष्ट गतिविधियों के सबूत थे। इसके बाद एफआईआर में सीधे 1 मई 2025 की एक रिकॉर्डिंग का उल्लेख किया गया है। जनवरी से मई के बीच के चार महीनों में क्या हुआ, इसका कोई विवरण एफआईआर में नहीं दिया गया है। एसीबी ने 19 मई को शर्मा व उनके दो दलाल रामराज मीणा व प्रदीप उर्फ बंटी पारीक को गिरफ्तार किया था। एसीबी जनवरी में ही एडिशनल एसपी और उसके दलालों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर सकती थी। पांच महीने बाद शर्मा को जयपुर अटैच करने और फिर गिरफ्तार करने के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं है।

### किडनी निकालकर प्रत्यारोपण करने के बाद नहर में फेंक देता था शव

## 'डॉक्टर डेथ' लाश को बनाता था मगरमच्छों का निवाला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दौसा से पकड़े गए एक सीरियल किलर ने पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने बताया कि अपराधी तत्व अपने अपराध छिपाने के लिए हजारा नहर के मगरमच्छों का सहारा लेते हैं। यह नहर जिले के एक बड़े हिस्से से होकर बहती है और इसमें रहने वाले मगरमच्छ अक्सर रिहायशी इलाकों खासकर कांशीराम कॉलोनी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निकल आते हैं, जिससे लोगों में दहशत बनी रहती है। हाल ही में कांशीराम कॉलोनी में एक मगरमच्छ निकलने से ग्रामीणों को रातभर जागकर गुजारनी पड़ी थी। दिल्ली पुलिस द्वारा दौसा से गिरफ्तार किए गए अलीगढ़ निवासी



सीरियल किलर डॉक्टर देवेंद्र शर्मा ने खुलासा किया कि वह किडनी निकालकर प्रत्यारोपण करने के बाद शवों को हजारा नहर में फेंक देता था। उसका मकसद था कि मगरमच्छ शवों को खा जाएं और सबूत नष्ट हो जाएं। पुलिस का कहना है कि इस तरह के अपराधी अक्सर अपराध करने के बाद शवों को नहरों में डालते रहते हैं। समय-समय पर पुलिस ऐसे अज्ञात शव बरामद भी करती रहती है। 'डॉक्टर डेथ' के रूप में कुख्यात एक सीरियल किलर को दिल्ली पुलिस ने पिछले साल पैरोल पर भागने के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि अपराधी को दौसा के एक आश्रम से गिरफ्तार किया गया था, जहां वह झूठी पहचान के साथ पुजारी के रूप में रह रहा था। आयुर्वेद चिकित्सक से अपराधी बने 67 वर्षीय देवेंद्र शर्मा को कई हत्या के मामलों में दोषी ठहराया गया था और वह अपने पीड़ितों के शवों को उत्तर प्रदेश के कासगंज में हजारा नहर के मगरमच्छों से भरे पानी में फेंकने के लिए कुख्यात था।

## नाबालिग से रेप के आरोपी को जमानत

**जयपुर (मसं)।** नाबालिग से रेप के मामले में जेल में बंद किशोर को जयपुर महानगर प्रथम की पॉक्सो कोर्ट-2 ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया हैं। जज तिरुपति गुप्ता ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता के पुलिस व कोर्ट के समक्ष दिए गए बयानों में विरोधाभास हैं।

इसके साथ ही चाइल्ड होम केयर के ऑब्जर्वर की रिपोर्ट भी बयानों से अलग है। मामले में चालान पेश हो चुका हैं। ऐसे में क्या सही है और क्या गलत। इसका निर्धारण ट्रायल के दौरान ही हो सकेगा, जिसमें समय लगने की संभावना हैं। ऐसे में किशोर को जमानत दी जाती हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने अपने आदेश में मामले के अनुसंधान अधिकारी की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए।

## ट्रक-कार की भिड़ंत में मां और 2 बेटों की मौत

### हादसे में तीन जने घायल, गाड़ी के उड़े परखच्चे, खाटूश्याम मंदिर जा रहा था बिजनेसमैन परिवार



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के रायसर थाना इलाके के मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर बुधवार दोपहर ट्रक और कार की भिड़ंत में मां और दो बेटों की मौत हो गई। परिवार के तीन लोग गंभीर घायल हो गए। कार में सवार परिवार खाटूश्याम मंदिर जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रक का टायर फटने से अचानक वह रोड पर रुक गया। इसी दौरान सामने से आ रही कार ट्रक में घुस गई। ट्रक से भिड़ंत के बाद कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार लोग अंदर दब गए थे, जिन्हें मशक्कत के बाद निकाला गया। एडिशनल एसपी ग्रामीण ट्रैफिक ने बताया कि परिवार उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले के हरदोइया का रहने वाला है। सभी कार में सवार थे और दौसा से खाटूश्याम मंदिर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान मनोहरपुरा से दौसा की तरफ जा रहे ट्रक का राइट साइड का टायर फट गया। ट्रक रोड पर घिसटता हुआ रुक गया और सामने से आ रही कार उससे टकरा गई। हादसे में पूरा परिवार कार में फंस गया था। आसपास के लोग फौरन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। लोगों की मदद से घायलों को निकाला और निम्स हॉस्पिटल पहुंचाया। कार में सवार राहुल पुत्र राम बाबू, उसका छोटा भाई पारूल और मां ललिता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पारूल कार ड्राइव कर रहा था। राहुल की पत्नी विद्या देवी, चार साल का बेटा सात्विक उर्फ कान्हा और रणजीत गंभीर घायल हो गए। उनका इलाज निम्स हॉस्पिटल में चल रहा है। राहुल और पारूल दोनों बिजनेसमैन थे।

## पहाड़ी की तलहटी के जंगल में अचानक लगी आग



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** इलाके के पाटन क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्यामपुरा में भैंरू की ढाणी के पास पहाड़ी की तलहटी पर स्थित जंगल में अचानक आग लग गई।आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पेड़ों की टहनियों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद वन विभाग व दमकल को सूचित किया गया। वन विभाग की टीम व फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तीन घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय वन अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि अगर आग पहाड़ी के ऊपर की ओर बढ़ जाती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस घटना में करीब ढाई से तीन हेक्टेयर क्षेत्र में फैली वनस्पति और जीव-जंतु जलकर राख हो गए। आग बुझाने में फॉरेस्टर लीलाधर, अजय कुमार, रत्तीराम, शिव सिंह, राम रतन, बद्री प्रसाद सैनी और कई ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## शराब तस्करी में वांछित दस हजार का इनामी पकड़ा

### पुलिस को 19 माह से थी तलाश, महेश नगर थाना क्षेत्र में काट रहा था फरारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने पाली जिले के ट्रांसपोर्ट नगर थाने में वांछित दस हजार रुपए के इनामी किशन सिंह पुत्र आईवान सिंह निवासी रोरूबड़ी सीकर को गुर्जर की थड़ी से पकड़ा है। पाली पुलिस को 19 महीनों से आरोपी की तलाश थी, जिसे एजीटीएफ ने पाली पुलिस को सौंप दिया है। एडीजी क्राईम दिनेश एमएन ने बताया कि उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन और पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह के नेतृत्व में एक टीम को वांछित बदमाशों की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान सूचना मिली कि शराब तस्करी के मामले में पाली जिले के थाना



ट्रांसपोर्ट नगर में वांटेड 10 हजार का इनामी किशन सिंह जयपुर के महेश नगर थाना इलाके में फरारी काट रहा है। इस पर टीम ने आरोपी को गुर्जर की थड़ी क्षेत्र से पकड़ लिया, जिसे डिटेन कर पुलिस थाना ट्रांसपोर्ट नगर पाली को सुपुर्द किया।

जानकारी के अनुसार पाली जिले की ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने अक्टूबर 2023 में नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान डाक पार्सल लिखी गाड़ी में सवार तीन तस्करों बिशन सिंह निवासी सूरतगढ़, गणेश सिंह निवासी लोसल व सुनील सिंह निवासी खाजूवाला को राजस्थान निर्मित देशी शराब के 192 व अंग्रेजी शराब के 119 कार्टन के साथ गिरफ्तार किया था। तीनों ने पूछताछ में बताया कि अंग्रेजी व देशी शराब से भरी गाड़ी उन्हें किशन सिंह राजपूत ने विश्वकर्मा इण्डस्ट्रीज एरिया जयपुर में सुपुर्द की थी। आरोपी किशन सिंह घटना के बाद से ही फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी पाली द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

## आंखों में मिर्ची डालकर बदमाशों ने व्यापारी से 85 हजार रुपए लूटे

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वकील कॉलोनी में बाइक सवार दो बदमाशों ने व्यापारी की आंखों में मिर्ची डालकर 85 हजार रुपए से भरा बैग लूट लिया।

जानकारी के अनुसार भंडारी ट्रेडिंग कंपनी के मालिक सुरेश भंडारी रात को अपनी दिनभर की कमाई लेकर स्कूटी पर वकील कॉलोनी स्थित अपने घर जा रहे थे। इस दौरान काशीपुरी वकील कॉलोनी की सुनसान और अंधेरी गली में बाइक सवार दो युवक आए और बुजुर्ग व्यापारी की आंखों में मिर्ची डाल दी।

मिर्ची की जलन से परेशान व्यापारी जब आंखें मलने लगे, तब बदमाशों ने उनके हाथ से बैग छीन लिया और फरार हो गए। व्यापारी के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बैग में 85 हजार रुपए के अलावा मोबाइल और दुकान की चाबियां रखी हुई थीं। पुलिस का मानना है कि बदमाश दुकान से ही व्यापारी का पीछा कर रहे थे।

# एसएचओ-एएसआई समेत पूरे थाने के स्टाफ पर एफआईआर

### साइबर ठगी की दबिश के दौरान महिला के पति से मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ने का मामला

महानगर संवाददाता

**भरतपुर।** डीग जिले में पूरे थाने के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला साइबर ठगी की दबिश के दौरान महिला के पति से मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ने का है। गोपालगढ़ थाना एसएचओ मनीष शर्मा, एएसआई राधाचरण सहित 7 पुलिसकर्मियों, समस्त थाना और 50 अन्य के खिलाफ उन्हीं के थाने में मामला दर्ज हुआ है। एफआईआर दर्ज करने के आदेश डीग जिले के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-2 ने दिए थे। कोर्ट ने डीग एसपी से सीनियर ऑफिसर से जांच कराने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा था कि चूंकि मामले में थाने के अधिकारी और पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इसलिए जांच उच्चाधिकारी से करवाएं। पहाड़ी सीईओ गिर्राज प्रसाद मीणा को इसकी जांच सौंपी गई।

याचिकाकर्ता के वकील मुस्ताक अहमद ने बताया कि पीड़ित महिला असमीना निवासी हेबतका ने याचिका लगाई थी। इसमें बताया था कि उसका पति तारीफ अलवर की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। वह ईद पर घर आया था। साइबर ठगी के आरोप में उसके घर गोपालगढ़ थाने के एएसआई राधाचरण सहित करीब 5 लोग आए। वे तारीफ को घसीटते हुए घर से बाहर ले आए। जब असमीना और परिजनों ने उसे बचाने की कोशिश की तो उन्होंने पूरे परिवार को पीटा। इसके बाद तारीफ को पीटते हुए गाड़ी में डालकर थाने ले गए।




#### एएसआई के बाद एसएचओ आए और घर में की तोड़फोड़

याचिका में बताया कि उसी दिन शाम को गोपालगढ़ एसएचओ मनीष शर्मा 50 लोगों के साथ असमीना के घर आए। एसएचओ ने असमीना के चाचा फारुख के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। जब असमीना ने एसएचओ को रोका तो उन्होंने असमीना को पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने तारीफ को थाने से छोड़ दिया। जब तारीफ घर आया तो उसके दोनों पैर बुरी तरह जख्मी थे। तारीफ को सीकरी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर से पता लगा कि उसके दोनों पैर टूट गए हैं। तारीफ को इलाज के लिए जयपुर लेकर गए।

#### अधिकारियों ने नहीं सुनी तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

असमीना ने डीग एसपी राजेश मीणा और आईजी राहुल प्रकाश से एसएचओ मनीष शर्मा की शिकायत की थी। वहां कोई सुनवाई नहीं होने पर कामां कोर्ट में एसएचओ मनीष शर्मा और 7 पुलिसकर्मियों के खिलाफ याचिका लगाई। कोर्ट के आदेश के बाद गोपालगढ़ थाना एसएचओ मनीष शर्मा, एएसआई राधाचरण, हैड कांस्टेबल विनोद व हितेश, कांस्टेबल साहिल खान, रूपन कुमार व अजयभान सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी और 50 अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# 'विकसित भारत संकल्प को ऊंचाइयों पर पहुंचाने को प्रतिबद्ध व्यापारी'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नई दिल्ली में राष्ट्रीय व्यापारिक कल्याण बोर्ड की छठी बैठक वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के सुनील सिंगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 9 मंत्रालयों के संयुक्त सचिवों और सभी बोर्ड सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की।

जन विश्वास अधिनियम 2023 के अतर्गत 183 से अधिक कानूनी प्रावधानों को अपराध मुक्त किया गया है, जिससे व्यापारियों और उद्यमियों को कानूनी प्रक्रिया में बड़ी राहत मिली है। इसके अतिरिक्त 100 से अधिक प्रावधानों को और अपराध मुक्त करने की दिशा में भी कार्य प्रगति पर है।

राष्ट्रीय व्यापारिक कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य सुभाष गोयल ने बताया कि आयकर अधिनियम 1961 में भी अब दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे व्यापारिक माहौल और अधिक अनुकूल और पारदर्शी बना है। बोर्ड द्वारा भारत के लगभग प्रत्येक राज्य और जिले में 322 से अधिक व्यापारिक सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लिया गया। इन बैठकों में मिले महत्वपूर्ण सुझावों को केंद्र सरकार को समय-समय पर भेजा गया। जिन पर विचार कर चालीस हजार से अधिक अनुपालनों को केंद्र और राज्य स्तर पर समाप्त करने में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे व्यापार करना और सरल हो सका है।



बैठक में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की यात्रा पर आधारित आधिकारिक मैगजीन का लोकार्पण बोर्ड अध्यक्ष सुनील सिंगी और सभी सदस्यों व डीपीआईआईटी अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य और साहस को नमन करते हुए प्रधानमंत्री के पराक्रमी निर्णय की सराहना की।

इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए बोर्ड की ओर से 20 बिंदुओं पर आधारित सामूहिक शपथ ली गई कि हम वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सशक्त करेंगे। साथ ही भारतीय उत्पादों का उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। हम इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएंगे और देश के गौरव को और ऊंचा उठाएंगे।

---

# सीरम इंस्टीट्यूट ने लॉन्च किया देशभर में चलने वाला एचपीवी-कैंसर जन जागरूकता अभियान

## विशेषज्ञों ने एचपीवी से जुड़े कैंसर से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के देशव्यापी जन स्वास्थ्य अभियान के तहत जयपुर में 'कॉन्कर एचपीवी एंड कैंसर कॉन्क्लेव-2025' लॉन्च किया गया। इस अभियान का लक्ष्य ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) के प्रति और यह वाइरस किस तरह सर्वाइकल व अन्य तरह के कैंसर का कारण बनता है, उसे लेकर जागरूकता पैदा करना है। इस अभियान का मकसद लोगों में यह जागरूकता लाना है कि जल्दी इलाज के लिए कदम उठाकर इसे कैसे रोका जा सकता है।

भारत भी एचपीवी से संबंधित बीमारियों का बोझ सह रहा है और खास तौर पर सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित आबादी की संख्या खासी है। देश में कैंसर से होने वाली महिलाओं की मौतों का यह दूसरा सबसे कारण है। आईसीओ व आईएआरसी इनफार्मेशन सेंटर ऑन एचपीवी एंड कैंसर के मुताबिक भारत में हर साल 1.23 लाख से ज्यादा सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं और इनमें 77 हजार मौतें होती हैं। इसके अलावा गुदा कैंसर के 90 फीसदी मामले और लिंग कैंसर के 63 फीसदी मामले एचपीवीसे जुड़े होते हैं। कॉन्क्लेव की यह श्रृंखला सभी चिकित्सकीय विशेषज्ञों, स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों और स्थानीय स्तर पर काम करने वाली सोसाइटी को एक मंच प्रदान करती है कि वे आपस में बातचीत और जानकारी को साझा करके इस खतरनाक चुनौती से निपटने के लिए एकजुट हों।

जयपुर के आयोजन में एचपीवी के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर विस्तार से चर्चा हुई। इस पैनल में अपोलो मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के कंसलटेंट बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा टाक, डॉ. एनबी गायनेकोलॉजिकल ऑन्कोलॉजी, एमएनएएमएस, डॉ. आशीष अग्रवाल सीनियर कंसल्टेंट नियोक्लिनिक चिल्ड्रन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, डॉ. मोहित वोहरा डायरेक्टर सशक्त चाइल्ड केयर, डॉ. अंशु पटोदिया सीनियर कंसल्टेंट मीरा हॉस्पिटल और डॉ. वीना आचार्य सीनियर कंसल्टेंट और हेड ऑब्सट एंड गायनेक प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजिस्ट राजस्थान हॉस्पिटल आदि शामिल रहे। सत्र का संचालन इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ के बाल रोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. जयदीप चौधरी ने किया। सभी ने इस वाइरस को लेकर तुरंत जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता, किशोरों और माता-पिता दोनों तक पहुंचने के महत्व और इससे बचाव में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

सभी वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि एचपीवी सिर्फ सर्वाइकल कैंसर तक ही सीमित नहीं है। यह वल्वा, वैजाइना, ऐनस (गुदा), लिंग व ओरोफेरिंक्स (मुख-ग्रसनी) के कैंसर से भी जुड़ा है, जो पुरुषों व महिलाओं दोनों को प्रभावित करता है। 15 से 25 वर्ष की आयु के बीच एचपीवी संक्रमण की आशंका सबसे ज्यादा होने के कारण, प्रारंभिक जागरूकता और समय पर इसे रोकने के लिए कदम उठाए जाना जरूरी हैं।

जयपुर कॉन्क्लेव का समापन खुली चर्चा से हुआ, जिसमें 'जागरूकता के साथ निर्णय लेने और सामुदायिक सहभागिता के जरिए रोके जा सकने वाले कैंसर को काबू में करना' को हासिल करने की दिशा में शानदार समर्थन मिला। आने वाले महीनों में यह पहल देश के अन्य शहरों में भी जारी रहेगी। यह स्वास्थ्य के क्षेत्र की कुछ विश्वसनीय आवाजों को एक मंच उपलब्ध कराएगी।

---


**निकट भविष्य में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोत्तरी नहीं होने की उम्मीद**

# इस बार देश में खाद्यान्न उत्पादन बंपर, नहीं सता पाएगी महंगाई

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश के लोगों को खाद्यान्न की महंगाई नहीं सताएगी। बंपर पैदावार और मुद्रास्फीति के ऐतिहासिक रूप से 42 माह में सबसे निचले स्तर पर होना बताता है। देश खाद्यान्न के मामले में सक्षम है और भंडार भी भरे हैं। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में खाद्यान्न उत्पादन इस बार भी बंपर है। इसलिए निकट भविष्य में भी स्थितियां सामान्य रहने वाली है। देश में अप्रेल में कंज्यूमर फूड प्राइस इंडेक्स सबसे कम 1.78 फीसदी था। इससे पहले यह अक्टूबर 2021 में 0.85 फीसदी सबसे कम था।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में खाद्यान्न की कीमतों में निकट भविष्य में कोई बड़ी बढ़ोत्तरी नहीं होगी। इसके अलावा देश में चालू रबी मार्केटिंग सीजन में अभी तक गेहूं की सरकारी खरीद तय लक्ष्य से कम रहने वाली है। किंतु यह चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि यह तय लक्ष्य से थोड़ी ही कम है। किसानों को उनकी फसल का भरपूर दाम मिला है। निजी कंपनियों ने किसानों से खूब खरीदी की है। देश के सरकारी गोदामों में 382.22 लाख मीट्रिक टन चावल का भंडार है। अक्टूबर नवंबर से नई फसल आ जाएगी, जिसके पूर्वानुमान भी काफी अच्छे होने की उम्मीद है।



### राजस्थान में 16.46 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

राजस्थान में 16.46 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जबकि गेहूं उत्पादन वाले अन्य राज्यों से कोई खरीद नहीं हो पा रही है। सरकार ने गेहूं के लिए 2425 रुपए प्रति क्विंटल सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है, लेकिन बाजार में सभी राज्यों में यह काफी ऊपर चल रहा है। गन्ना की फसल भी अच्छी है, इसलिए कह सकते हैं कि अभी खाद्यान्न के मामले में देश काफी सहज और अनुकूल हालातों में है। खाद्य सचिव ने कहा कि देश में इस बार भी बंपर फसल है, ऐसे में जनता पर खाद्यान्नों की महंगाई का बोझ नहीं पड़ेगा। जहां तक सवाल खाद्य तेलों की ऊंची कीमत का है तो यह दुनिया में हो रही महंगाई और भारत द्वारा लगाई गई आयात ड्यूटी का भी असर है।

### अभी तक गेहूं की 296 लाख मीट्रिक टन खरीद

सरकारी खरीद में गेहूं की अभी तक 296 लाख मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। चोपड़ा ने कहा कि जबकि सरकारी खरीद का लक्ष्य 312 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का रखा गया था, इसमें पंजाब में निजी कंपनियों और उत्तर प्रदेश से कम सरकारी खरीद के कारण तय लक्ष्य से कुछ कम रह गया है। सरकार का पंजाब से 124 लाख मीट्रिक टन, हरियाणा से 75 लाख मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश से 80 लाख मीट्रिक टन, उत्तर प्रदेश से 30 लाख मीट्रिक टन, राजस्थान से 20 लाख मीट्रिक टन और गुजरात से 0.01 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य था।


### पंजाब-हरियाणा में 15 मई तक गेहूं की खरीद खत्म

सरकार की ओर से पंजाब और हरियाणा में 15 मई तक गेहूं की खरीद खत्म हो गई है। जबकि उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अभी यह 30 मई तक खरीद जारी रहेगी। इसमें मध्य प्रदेश को भी जोड़ा गया है, इसके बाद भी बहुत कम उम्मीद बची है कि सरकारी खरीद इस बार भी अपना लक्ष्य पूरा कर पाएगी, क्योंकि पंजाब से अभी तक सबसे अधिक 119.32 लाख मीट्रिक टन की खरीद हुई है। मध्य प्रदेश से 77.75 लाख मीट्रिक टन की खरीद हुई है। हरियाणा से 70.81 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। उत्तर प्रदेश से यह खरीद 9.99 लाख मीट्रिक टन है। इसे ज्यादा से ज्यादा दस लाख मीट्रिक टन रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

---

# भारत के उद्यमियों के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म 'टाइड'

## एक ही एप पर पैसे, कागजात, बिजनेस एडमिन और भुगतानों को कर सकेंगे मैनेज




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अजमेर की एक हार्डवेयर दुकान से लेकर कोटा के ट्यूशन सेंटर तक राजस्थान के छोटे कारोबार अब डिजिटल युग में कदम रख रहे हैं और इस बदलाव में उनका भरोसेमंद साथी 'टाइड' बन रहा है। एक ऐसा राज्य जहां उद्यमियों को अब तक लंबी कतारों, भारी-भरकम कागजी कार्रवाई और सीमित कर्ज सुविधाओं जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ता था, वहीं अब टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल-फर्स्ट बिजनेस ओनर्स की एक नई पीढ़ी उभर रही है और वे टाइड को अपना विकास-साथी बना रहे हैं।

टाइड भारत का एक अग्रणी बिजनेस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है, जो देशभर के छोटे और मझोले कारोबारों (एमएसएमई) को उनके पैसे, कागजात, बिजनेस एडमिन और भुगतानों को एक ही मोबाइल एप से मैनेज करने की सुविधा देता है। चाहे कोई कारोबारी अपना व्यापार शुरू कर रहा हो या पहले से एक बढ़ता हुआ बिजनेस चला रहा हो, टाइड उनके लिए काम को तेज, आसान और स्मार्ट बनाता है।

टाइड इंडिया के सीईओ गुरजोधपाल सिंह ने कहा कि भारत की विकास यात्रा छोटे कारोबारों के योगदान के बिना अधूरी है। एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, खासकर राजस्थान जैसे राज्यों में, जहां जमीनी स्तर पर उद्यमिता तेजी से बढ़ रही है। टाइड के जरिए हम इन उद्यमियों को ऐसे डिजिटल टूल्स दे रहे हैं, जो उनके कारोबार को तेज, आसान और अधिक सुलभ बनाते हैं। जो काम पहले हफ्तों में होता था, अब कुछ ही मिनटों में हो जाता है। सही संसाधनों से सशक्त होकर ये कारोबारी भारत की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

अब कारोबारियों को न तो शाखा-दर-शाखा दौड़ने की जरूरत है और न ही दस्तावेजों के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। टाइड ऐप खास तौर पर छोटे व्यवसायों की जरूरतों के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इसके जरिए एमएसएमई कुछ ही मिनटों में उद्यम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, घर बैठे जीएसटी के लिए आवेदन कर सकते हैं और अपने कारोबार के लिए उपयुक्त सरकारी योजनाओं की जानकारी भी पा सकते हैं। यह एक पूर्ण फाइनेंशियल टूलकिट है, जिसमें कोई बिचौलिया नहीं होता और सारे काम बिना किसी देरी के पूरे होते हैं।

---

# दृष्टिबाधित बुजुर्ग को जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट आना दुर्भाग्यपूर्ण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज से जुड़े मामले में 65 साल के दृष्टिबाधित आरोपी को जमानत नहीं देने को लेकर कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि दृष्टिबाधित बुजुर्ग को भी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करनी पड़ी।

सुप्रीम कोर्ट ने आपसी लेन-देन के धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह के मामलों में भी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट तक आना पड़ा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की खंडपीठ ने यह आदेश राधेश्याम शर्मा की आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा है कि आरोपी को एक सप्ताह में संबंधित निचली अदालत में पेश किया जाए और अदालत उसे उचित शर्तों पर रिहा करे।

याचिका में अधिवक्ता गिर्राज प्रसाद शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता करीब सात माह से जेल में बंद है। वह 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति है और पचास फीसदी से अधिक दृष्टिबाधित है। वहीं मामले में पुलिस ने आरोप पत्र भी पेश कर दिया है। जिस पर मजिस्ट्रेट कोर्ट को सुनवाई करनी है। इसके बावजूद हाईकोर्ट ने उसे जमानत नहीं दी और याचिका को खारिज कर दिया। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा किया जाए।

---

# सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने डॉ. अच्युत सामंत के नाम पर किया शोध संस्थान का नामकरण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अमेरिका की प्रतिष्ठित सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने प्रसिद्ध भारतीय शिक्षाविद, समाजसेवी और कीट-कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत के सम्मान में एक शोध संस्थान का नामकरण किया है। यह संस्थान अच्युत सामंत इंडिया इनिशिएटिव क्यूनी क्रेस्ट इंस्टीट्यूट है। यह अमेरिकी छात्रों को भारत विशेष रूप से ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत, आदिवासी विकास और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. सामंत के योगदान पर गहन शोध का अवसर प्रदान करेगा। यह पहली बार है जब किसी भारतीय के नाम पर विशेषकर ओडिशा के व्यक्तित्व के नाम पर अमेरिका में एक अकादमिक शोध संस्थान स्थापित किया गया है। इस ऐतिहासिक पहल से न केवल भारत-अमेरिका शैक्षणिक संबंधों को सशक्त आधार मिलेगा, अपितु ओडिशा की समृद्ध कला, संस्कृति और शिक्षा मॉडल को






वैश्विक मंच पर एक नई पहचान भी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ब्रॉन्क्स कम्युनिटी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. मिल्टन सैंटियागो ने कीट व कीस का दौरा किया था, जहां डॉ. मिल्टन, डॉ. अच्युत सामंत के कार्यों से अत्यधिक प्रभावित हुए। परिणाम स्वरुप उन्होंने अमेरिका वापस लौटकर प्रोफेसर डॉ. सामंत के नाम पर एक शोध संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे विश्वविद्यालय बोर्ड ने अनुमोदित कर लिया। उद्घाटन समारोह के लिए डॉ. सामंत को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उन्हें सिटी यूनिवर्सिटी का सर्वोच्च सम्मान प्रेसिडेंशियल मेडल भी प्रदान किया गया, जो शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. सामंत ने कहा कि यह मेरे लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण ओडिशा, कीट व कीस परिवार के लिए एक अत्यंत गर्व का क्षण है। अमेरिका जैसे देश में मेरे नाम पर शोध संस्थान का नामकरण होना भारतीय शिक्षा व सेवा क्षेत्र की एक बड़ी जीत है। गौरतलब है कि सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क अमेरिका का एक प्रमुख सार्वजनिक विश्वविद्यालय है, जिसमें 3 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं।

---

# नमूने अमानक मिलने पर 42 दवाओं की आपूर्ति पर प्रतिबंध

## आरएमएससीएल की बड़ी कार्रवाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (आरएमएससीएल) ने विभिन्न 42 दवाओं के सैंपल अमानक पाए जाने पर संबंधित कंपनियों को इनकी आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है। जिन फर्मों के उत्पाद जांच में अमानक पाए गए हैं, ये कंपनियां इन दवाओं के आगामी एक, दो या तीन वर्ष तक किसी भी टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगी। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि दवा कंपनियों के उत्पाद जांच में फेल पाए जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिए 32 फर्मों को एक वर्ष, 8 फर्मों को 2 वर्ष और 2 फर्मों को 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

### इन दवाओं को किया प्रतिबंधित

क्लोपिडोग्रेल और एस्पिरिन टेबल्स, क्लोपिडोग्रेल-75 एमजी व एस्पिरिन 75 एमजी, टोब्रामाइसिन और डेक्सामेथासोन ऑप्थाल्मिक सस्पेंशन यूएसपी 0.3 प्रतिशत 0.1 प्रतिशत, क्लोरैम्फेनिकॉल आई ड्रॉप्स आईपी 0.5.0/0, सेफुरॉक्साइम एक्सेटिल टैब आईपी-250 एमजी, मेट्रोनिडाजोल टैबलेट आईपी-200 एमजी (फिल्म कोटेड), फर्म एलायंस बायोटेक की टैब मेटफॉर्मिन हेल (सस्टेन्ड रिलीज- 500 एमजी ग्लिमेपिराइड 1एमजी, एएनजी लाइफ साइंसेज इंडिया लिमिटेड की डोबुटामाइन इंजेक्शन आईपी-50 एमजी/एमएल/250 एमजी (वायल), फर्म एप्पल फार्मूलेशन प्राइवेट लिमिटेड की केल्सियम एंड विटामिन डी-3 सस्पेंशन, अस्टम हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की सेफिक्साइम टैब आईपी-100 मिलीग्राम/ सेफिक्साइम डिस्पर्सिबल टैब आईपी 100 मिलीग्राम सहित 42 दवाओं को प्रतिबंधित किया गया है।

---

# ई-पट्टे के लिए कराया लाइव आवेदन, फिर किया जारी

## वर्तमान में आमजन से जुड़ी समस्त 39 सेवाएं ऑनलाइन की जा रही हैं प्रदान

### जेडीए में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आईटी इनिशिएटिव्स, ई-पट्टा जारी करने एवं ले-आउट अनुमोदन की संपूर्ण प्रक्रिया पर आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जेडीए परिसर में किया गया। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी के अनुसार कार्यशाला में जेडीए की ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने और नागरिकों की आवश्यकताओं को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया गया। इसके अलावा आवेदकों से लाइव ई-पट्टे एवं ले-आउट प्लान अनुमोदन के लिए आवेदन करवाए और वहीं ई-पट्टे एवं ले-आउट प्लान की अप्रूवल जारी की गई। उल्लेखनीय है कि जेडीए द्वारा वर्तमान में आमजन से जुड़ी समस्त 39



सेवाएं ऑनलाइन प्रदान की जा रही हैं। विगत छह माह में आईटी क्षेत्र में किए गए सभी कार्यों से भी अवगत करवाया गया।

### 'संपत्ति संबंधी कार्यों को आसानी से ऑनलाइन कर सकेंगे पूरा'

जेडीसी आनंदी ने बताया कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन एवं बिल्डर्स के हित में अपनी सेवाओं और कार्यों को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए एक व्यापक ई-गवर्नेंस प्रणाली शुरू की है। इस नई पहल के माध्यम से अब नागरिक और व्यावसायिक संस्थान अपनी संपत्ति संबंधी कार्यों को ऑनलाइन ही आसानी से पूरा कर सकेंगे।

---

**जलदाय कर्मचारियों की सभा**

# लंबित समस्याओं पर चर्चा के साथ गंगाशरण अध्यक्ष और संजय को महामंत्री चुना



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक जिला जयपुर के नेतृत्व में तिलक नगर जिला कार्यालय पर जलदाय कर्मचारियों की आमसभा आयोजित हुई। सभा में मालवीय नगर डिवीजन के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर चर्चा की।

इस मौके पर खंड कार्यालय की कार्यकारिणी में गंगाशरण मीणा को अध्यक्ष, संजय वर्मा को महामंत्री और शिवलाल वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। जयपुर यूथ इंटक अध्यक्ष विनोद कुमार मीणा ने सभा को संबोधित करते हुए जलदाय विभाग में नई भर्ती करने, ओवरटाइम देने, लेवरेज राशि में बढ़ोत्तरी करने सहित अन्य लंबित मांगों का सरकार से जल्द निवारण करने की मांग की। इस दौरान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, जिलाध्यक्ष ताराचंद सैनी, जिला महामंत्री रामधन सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, विधि सलाहकार मुकेश कुमार माथुर भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी टेऊंराम महाराज का चालिहा महोत्सव शुरू



**जयपुर (मसं)।** एमआई रोड स्थित आस्था के केंद्र श्री अमरापुर स्थान में श्री प्रेम प्रकाश मंडल के संस्थापक आचार्य स्वामी टेऊंराम महाराज का चालिहा महोत्सव बुधवार को शुरू हुआ। सुबह संतों के सान्निध्य में ब्राह्मणों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भक्तों को रक्षा सूत्र बांधकर चालिहा महोत्सव अनुष्ठान प्रारंभ करवाया। चालिहा महोत्सव के शुभारंभ पर हजारों की संख्या में गुरु प्रेमियों ने अनुष्ठान में भाग लिया। भक्तों ने अपनी मनोकामनाएं गुरु महाराज के श्रीचरणों में रखीं। उत्सव के उपलक्ष्य में फूल बंगला की मनमोहक झांकी सजाई गई।

**चालीस दिन सुबह से शाम होंगे आयोजनः** संत मोनूराम महाराज ने बताया कि चालिहा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री अमरापुर स्थान में 40 दिन तक प्रतिदिन सुबह 5:50 से 6:30 बजे तक हवन होगा। 7 से 8:30 बजे तक प्रार्थना, सतगुरु टेऊंराम महिमा गुणगान, सामूहिक चालीसा का पाठ होगा। शाम को भजन-संकीर्तन, सत्संग, सामूहिक चालीसा का पाठ, सतनाम साक्षी महामंत्र का जाप, आरती सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के उपलक्ष्य में 40 दिन गुरु महाराज के समाधि स्थल को ऋतु पुष्पों से श्रृंगारित किया जाएगा। चालिहा महोत्सव का समापन 30 जून को सद्गुरु टेऊंराम जयंती पर होगा।

### बच्चों ने सीखा ग्लास पर पेंटिंग करना



**जयपुर (मसं)।** दुर्गापुरा स्थित गायत्री चेतना केंद्र में चल रहे पांच दिवसीय बाल प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बुधवार को ग्लास पेंटिंग आर्ट का अभ्यास कराया गया। विशेषज्ञ जूही ने बच्चों को कांच के गिलास पर पेंटिंग करने का अभ्यास करवाया। शिविर का शुभारंभ प्रार्थना, मंत्रोच्चार, प्राणायाम से हुआ। बच्चों के लिए साहित्य स्टॉल लगाई गई। बच्चों ने महापुरुषों की जीवनियां, नैतिक कहानियों की पुस्तकें खरीदीं। चेतना केंद्र की ओर से सभी बच्चों को सद्वाक्य के स्टीकर दिए गए। भाषण-संभाषण की योग्यता का अभ्यास करवाने के लिए बच्चों को विषय देकर तीन मिनट तक उद्बोधन देने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को गायत्री मंत्र की पुस्तिका दी गई और मंत्र लेखन भी कराया गया। गुरुवार को ढपली बजाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का समापन 24 मई को होगा। इस दिन अभिभावक जागरूकता सेमिनार होगी।

### कानोडिया गर्ल्स कॉलेज परिसर में लगाए परिंडे



**जयपुर (मसं)।** कानोडिया गर्ल्स कॉलेज परिसर में ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन, कानोडिया कॉलेज और जेएसजी महानगर के संयुक्त तत्वावधान मे परिंडा महोत्सव का आयोजन किया गया। पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई। ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन भंवर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निम्स यूनिवर्सिटी की डायरेक्टर डॉ शोभा तोमर, विशिष्ट अतिथि राजस्थान यूनिवर्सिटी की फॉर्मर डीन प्रो. कुसुम जैन ने फाउंडेशन की सराहना करते हुए परिंडों के महत्व के बारे में कविता के माध्यम से सबको अवगत कराया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल, उप प्रचार्या डॉ. रंजुला जैन, चारू गुप्ता, समाजसेविका मनीषा जैन, डॉ. राज टांक, ऋषि जैन, प्रियांशी जैन, रेणु ठोलिया, डॉ. राजीव जैन, अरविंद जैन, सुशील कासलीवाल, चंद्रशेखर जैन, पंकज जैन उपस्थित रहे। अंत में सभी ने नियमित रूप से परिंडों में दाना-पानी रखने और साफ-सफाई एवं देखभाल का संकल्प लिया।

### अखिल भारतीय गोस्वामी भट्ट तैलंग ब्राह्मण समाज का समारोह आयोजित



**जयपुर (मसं)।** श्रीकृष्ण गोस्वामी भट्ट तैलंग समाज धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में 16 से 18 मई तक आयोजित तीन दिवसीय समारोह का समापन हुआ। समिति अध्यक्ष नटवर गोस्वामी ने बताया कि समारोह में तैलंग समाज एवं भाटिया बिरादरी के तत्वावधान में पुष्टिमार्ग के वैष्णवाचार्य गोस्वामी वल्लभलालजी महाराज व गोस्वामी अनिरुद्धलालजी के सान्निध्य में युवाचार्य गोस्वामी गोविन्दरायजी ने श्री कृष्ण चरित्रामृतम कथा का श्रवण करवाया गया। समिति महासचिव प्रबोध गोस्वामी ने बताया कि समारोह में गोस्वामी तैलंग समाज के वल्लभ कुल के कई वैष्णवाचार्य शामिल हुए। राजकोट से आए गोस्वामी अभिषेक लालजी महाराज ने समाज के प्रस्तावित तैलंग सामुदायिक भवन का प्रोजेक्ट भी समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया। समिति संरक्षक राधाकृष्ण गोस्वामी, ओम प्रकाश गोस्वामी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश तैलंग, उपाध्यक्ष एस्ट्रोलॉजर यदुनंदन गोस्वामी ने प्रख्यात ध्रुवपद गायक पद्मश्री पंडित स्व. लक्ष्मण भट्ट तैलंग एवं चित्रकार स्व. शिशिर भट्ट को मरणोपरांत 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से एवं समाज के व्यवसायी संजीव भट्ट एवं समाजसेवी प्रभाकर गोस्वामी को 'तैलंग गौरव' से सम्मानित किया गया। समारोह में शिरोमणि विनत भट्ट के पांडित्य में बटुकों के सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार के साथ, वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं कई महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान बालक- बालिकाओं को सम्मानित किया गया एवं शरद भट्ट द्वारा उन्हें प्रोत्साहन राशि भेंट की गई।

### कन्या कौशल शिविर में बेटियां बनेंगी सशक्त

**जयपुर (मसं)।** बेटियों को समझदार, ईमानदार, जिम्मेदार और बहादुर बनाकर उनके व्यक्तित्व को निखारने के लिए किरण पथ मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केंद्र में एक से चार जून तक राष्ट्र जागरण कन्या कौशल अभिवर्धन आवासीय शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य बेटियों को परिवार, समाज के साथ राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की योग्यता विकसित करना है। इक्कीसवीं सदी में उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए बेटियों को सशक्त और समर्थ बनाने के लिए आयोजित शिविर का संपूर्ण संचालन अखिल विश्व गायत्री परिवार की बेटियां ही करेंगी। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बेटियां साधना, स्वाध्याय, संयम एवं सेवा के सूत्रों को जीवन में अपनाकर अपने व्यक्तित्व को इतना ऊंचा उठाएं कि वे स्वयं अपने पर और सारा समाज उस पर गर्व करे।

प्रथम पूज्य को दिया रिद्धी-सिद्धी संग पधारने का न्यौता

# झोटवाड़ा के शक्तिनगर में श्रीमद्भगवद् कथा कल से

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** निवारू रोड झोटवाड़ा के शक्तिनगर में 23 से 29 मई तक श्रीमद्भगवद् कथा का आयोजन किया जाएगा। व्यासपीठ से वृंदावन धाम के सुधीर कृष्ण उपाध्याय महाराज दोपहर ढाई से शाम साढ़े छह बजे तक कथाश्रवण कराएंगे। मनोज खंडेलवाल, अनिल खंडेलवाल, राजू खंडेलवाल, अमित शर्मा, उपेन्द्र शर्मा कथा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। प्रचंड गर्मी को देखते हुए श्रोताओं के लिए कथा पांडाल को ठंडा रखने के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। कथा के दौरान सजीव झांकियां सजाई जाएंगी। निवारू रोड पर पहली बार कथा के विशाल आयोजन से लोगों में भारी उत्साह है। बुधवार को गणेशजी को प्रथम निमंत्रण देकर कथा के निर्विघ्न रूप से संपन्न होने की प्रार्थना की गई। साथ ही रिद्धी-सिद्धी संग पधारने का न्यौता दिया गया। इस मौके पर पोस्टर का विमोचन भी किया गया। आयोजकों की ओर से कथा प्रसंग के दौरान पौधों और पक्षियों के लिए परिंडों का वितरण भी किया जाएगा।

#### कलश यात्रा के साथ होगा श्रीगणेश

कथा की शुरुआत कलशयात्रा और शोभायात्रा के साथ होगी। गाजेबाजे के साथ निकलने वाली कलश यात्रा 23 मई को सुबह आठ बजे शक्तेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होगी। हाथोज धाम के स्वामी बालमुकुंदाचार्य (हवामहल विधायक) कलश यात्रा को रवाना करेंगे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चलेंगी। वहीं पुरुष यजमान के रूप में भागवत पोथी रखकर चलेंगे। प्रथम दिवस भागवत कथा के महात्म्य के साथ धुंधकारी मोक्ष की कथा होगी। 24 मई को परीक्षित और शुकदेव आगमन और हिरण्यकश्यप उद्धार की कथा होगी। 25 को कपिल देव आगमन, ध्रुव, प्रहलाद चरित्र की कथा होगी। सुबह साढ़े आठ बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा।

#### 26 मई को धूमधाम से मनेगा नंदोत्सव

26 मई को गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, बालि-वामन चरित्र, श्रीराम कथा के बाद नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 27 मई को श्री कृष्ण की बाल लीलाएं और गोवर्धन पूजा का प्रसंग होगा। छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। 28 मई को महारास एवं कृष्ण-रुक्मणि विवाह की कथा होगी। गुरुवार 29 मई को सुदामा चरित्र, 24 गुरुओं की कथा, परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ कथा का विश्राम होगा।

दुर्गापुरा के श्री दिगंबर जैन मंदिर चंद्रप्रभजी में जैन रामायण कथा का आयोजन

# सीता हरण प्रसंग पर भावुक हुए श्रोता, कई महिलाओं की आंखों से बहने लगे अश्रु

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** राजस्थान जैन युवा महासभा, जैन कनेक्ट, दुर्गापुरा जैन मंदिर ट्रस्ट एवं महिला मंडल दुर्गापुरा के तत्वावधान में दिगंबर जैन मुनि जयकीर्ति के मुखारबिंद से दुर्गापुरा के श्री दिगंबर जैन मंदिर चंद्रप्रभजी में दस दिवसीय जैन रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में चौथे दिन मुनि जयकीर्ति महाराज ने रावण का जन्म, युवा अवस्था का वर्णन, घोर तपस्या, रावण द्वारा सीता हरण, जटायु द्वारा सीता रक्षा में प्राण त्यागना, राम का कर्ण विलाप एवं राम द्वारा जिन भक्ति दर्शन के प्रसंगों पर प्रकाश डाला। सीता हरण का प्रसंग सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। कई महिलाओं की आंखों से अश्रु बहने लगे। मुनि जयकीर्ति ने राम कथा के चौथे दिन वैराग्य के बीज बोने वाली राम कथा...... सीता का हरण और गुरुदेव के प्रसंग का अद्भुत वाचन किया। आहार दान का अचिंत्य फल गुरुदेव ने बताया। इस आहार दान से राम लक्ष्मण और सीता को एक उत्कृष्ट और वैभवशाली रथ की प्राप्ति होना, दंडक वन में लक्ष्मण को सूर्यह्रास खड्ग की प्राप्ति होना, रावण का पणजन्म, बाल्यावस्था, युवावस्था का वर्णन, रावण भानुकर्ण एवं विभीषण तीनों भाइयों द्वरा घनघोर वन में घोर तपस्या करके धन, वैभव और विधाओं को प्राप्त करने का वर्णन किया।

उन्होंने युद्ध के लिए आते रावण को सीता के रूप को देखकर मोहित होना और सीता को हरण कर ले जाना। जटायु द्वारा सीता की रक्षा करते हुए मरनासन्न होना।

#### श्रद्धालुओं ने मुनि से प्रश्नों का पाया समाधान

कथा के मुख्य श्रोता राजा श्रेणिक के रूप में जैन कनेक्ट परिवार के सदस्यों का गाजे-बाजों के साथ सभागार में जयकारों के बीच आगमन हुआ। राजा श्रेणिक परिवार परिवार ने मुनि को जिनवाणी भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बाद में राजा श्रेणिक बने जैन कनेक्ट के अंकुर-करिश्मा पाटनी एवं राहुल-दीपिका गोधा, राज कुमार सेठी ने मुनि से प्रश्न किया कि हे गुरुवर सीता माता का हरण कैसे हुआ? मुनि द्वारा समाधान के रूप में रविषेणाचार्य द्वारा रचित प्राचीन जैन ग्रंथ 'पद्मपुराण' में उल्लेखानुसार जैन रामायण कथा का वाचन प्रारंभ किया। चित्रकूट जैन समाज की ओर से अध्यक्ष अनिल बोहरा एवं मंत्री मूल चंद पाटनी के नेतृत्व में मुनि को अल्प प्रवास के लिए श्रीफल भेंट किया। सुबह 11 बजे कथा का समापन हुआ।

#### गुरुभक्ति के हुए आयोजन

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के जिलाध्यक्ष संजय पांड्या एवं महामंत्री सुभाष बज ने बताया कि शाम 7 बजे राजा श्रेणिक परिवार एवं उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जिनेन्द्र देव की आरती के बाद मुनिश्री की भव्य आरती की। गुरु भक्ति के आयोजन के बाद पद्मप्रभु चालीसा का पाठ, आध्यात्मिक एवं संदेशात्मक भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर समाजश्रेष्ठी उदय भान जैन, अशोक जैन नेता, मनीष बैद, कैलाश छाबड़ा, नवीन जैन बिल्टीवाला, शिखर चंद कासलीवाल, ज्ञान चंद झांझरी, प्रकाश गंगवाल, राजीव जैन लाखना, ओम प्रकाश कटारिया, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए।

#### आयोजन समिति ने किया सम्मान

मुनि जयकीर्ति महाराज के पाद पक्षालन समाज श्रेष्ठी अशोक-नीलू गंगवाल महारानी फार्म एवं सुशीला देवी पोद्दार नैनवा वालों ने किया। इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, सुभाष बज, चेतन जैन निमोडिया, रूपल गंगवाल, हिमांशु बज, मनीष सोगानी, कमलेश जैन, प्रकाश चांदवाड, सुनील संघी, नरेश बाकलीवाल, राजेन्द्र काला, रितु चांदवाड, रेखा लुहाड़िया, रानी सोगानी, रेखा पाटनी, प्रेम देवी बाकलीवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

#### भगवान चंद्रप्रभ के चित्र का अनावरण

राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि 18 से 27 मई तक प्राचीन जैन ग्रंथ 'पद्मपुराण' पर आधारित जैन रामायण कथा के भव्य संगीतमय आयोजन में चौथे दिन बुधवार को भगवान चंद्रप्रभ के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन समाज श्रेष्ठी जीसी जैन, पं. चंदनमल अजमेरा, विनोद जैन कोटखावदा, ज्ञानचंद झांझरी, सुनील संघी, नरेश बाकलीवाल ने किया। ब्रह्मचारिणी पल्लवी दीदी ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।

सीता को ना देखकर राम का कर्ण विलाप, राम द्वारा मरणासन्न जटायु को महामंत्र णमोकार सुनाया जाना, विरादित राजा द्वारा सीता की खोज में राम-लक्ष्मण का सहयोग करना, राम द्वारा जिन भक्ति, जिन दर्शन का वर्णन आदि विषयों का नवरस युक्त विस्तार पूर्वक वर्णन किया। मुनिश्री ने गद्य एवं पद्य के माध्यम से मांगी तुंगी तीर्थ से मोक्ष गए जैन धर्म के आठवें बलभद्र श्री रामचंद्र के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

### इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन क्लब्स की प्रांतीय कार्यशाला संपन्न



**जयपुर (मसं)।** इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन क्लब्स के प्रांत 3233 ई-1 का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन आगरा रोड पर एक रिसोर्ट में आयोजित हुआ। पूर्व रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन सुरेन्द्र जैन पांड्या ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता प्रांतपाल सुनील अरोड़ा ने की। की नोट स्पीकर लॉयंस इंटरनेशल के आईपीडी लॉयन वीके लड़िया, मुख्य अतिथि लॉयन जेपी सिंह, द्वितीय सह प्रांतपाल के चुनाव पर्यवेक्षक पीआईडी लॉयन आर मदन गोपाल, सह प्रांतपाल प्रथम लॉयन सुधार बाजपेयी, सह प्रांतपाल द्वितीय लॉयन आशुतोष वशिष्ठ एवं विभिन्न लॉयंस क्लब्स के लगभग 1100 लॉयन सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान अधिवेशन में लॉयंस क्लब जयपुर मेट्रो की ओर से पीएमसीसी लॉयन गोविंद शर्मा, पीडीजी लॉयन डॉ. जीएस गर्ग, अध्यक्ष लॉयन अनिल जैन आईपीएस, सचिव लॉयन विमल गोलछा, कोषाध्यक्ष लॉयन अनिल जैन, लॉयन नेमी पाटनी, लॉयन विद्यासागर गीदड़ा, लॉयन सुरेन्द्र डिग्गीवाल लॉयन सी के बाफना, लॉयन रमेश सेठी, लॉयन अनिल माथुर, लॉयन सुनील रावत एवं लॉयन पूनम गर्ग उपस्थित रहे।

### वर्गो सांस्कृतिक संस्था ने लगाया समर कैंप



**जयपुर (मसं)।** वर्गो सांस्कृतिक संस्था की ओर से निशुल्क महिला एवं बालिका प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सूचना मंत्री सुनील जैन ने बताया कि इस ग्रीष्मकालीन शिविर में बालक, बालिकाएं, महिला विशेषज्ञ द्वारा मेहंदी पेंटिंग आर्ट एंड क्राफ्ट कैलिग्राफी, हैंडराइटिंग, डांस, ब्यूटीशियन, इंग्लिश स्पीकिंग, ज्योतिषी, योगा, अबेकस, सिलाई, गोटा ज्वैलरी आदि बारीकी तरीके से सिखाया जा रहा है। अध्यक्ष रूपाली राव बताया कि इस समर कैंप का उद्देश्य है समय का सदुपयोग करना है। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 को : तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**जयपुर (मसं)।** इंडियन अस्थमा केयर सोसाइटी, भारत सेवा संस्थान और महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति ने 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रदेश में समस्त तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने की राजस्थान सरकार से मांग की है। इंडियन अस्थमा केयर सोसाइटी, जयपुर के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह, सचिव धर्मवीर कटेवा ने बताया कि सरकार की अनदेखी एवं लापरवाही के कारण तंबाकू के सेवन का प्रचलन लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रायः यह देखा गया है कि रोडवेज की बसों पर गुटखे का प्रचार-प्रसार धड़ल्ले से किया जा रहा है। टीवी पर भी सेरोगेट के विज्ञापन लगातार दिखाए जा रहे हैं। पूरे प्रदेश में सेरोगेट विज्ञापन जगह-जगह लगे हुए देखने को मिलते हैं। डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि आमजन में श्वास रोग एवं मुंह के कैंसर की तादाद बढ़ती जा रही है। इस पर चिंता जताते हुए उन्होंने आमजन से अपील की है, कि लोग अपना ना सही, कम से कम अपने दिल अजीज परिवार का तो ध्यान रखें, क्योंकि यदि किसी व्यक्ति को कैंसर होता है तो उसके पीछे उसका पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है।

# 5100 बालिकाओं को मिले नए वस्त्र

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अमन लाइफस्टाइल कंपनी के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों की 5100 बालिकाओं को नए वस्त्र वितरित किए। यह कार्यक्रम बालिकाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक, ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने कहा कि ट्रस्ट समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने में गर्व महसूस करता है। ट्रस्ट द्वारा विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सशक्तिकरण, जागरूकता आदि में कार्य किया जा रहा है। इस वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बालिकाओं को सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सहायता प्रदान करना और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना है। मानव सेवा ट्रस्ट की महासचिव दुर्गा वर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि गत एक माह से चल रहे वस्त्र वितरण अभियान के तहत प्रताप नगर, वाटिका, गिरधारीपुरा कच्ची बस्ती, सांगानेर, विजयपुरा, मालपुरा, हरमाड़ा, बगराना, झालाना कच्ची बस्ती आदि में वस्त्र वितरित किए।

### जम्मूतवी-अजमेर सुपरफास्ट अब गलता धाम एक्सप्रेस



**जयपुर (मसं)।** उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलताजी के नाम पर जम्मूतवी-अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नाम गलता धाम पर किए जाने से श्री गलता पीठ से जुड़े लाखों भक्तों में खुशी की लहर है। राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के भक्तों ने प्रसन्नता जताई है। जम्मूतवी-अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का नाम गलताम धाम पूजा सुपरफास्ट एक्सप्रेस किए जाने पर बुधवार को भक्तों ने जयपुर रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। बड़ी संख्या में यात्री गलताधाम के भजन, बधाइयां गाते हुए रवाना हुए। इस अवसर पर ट्रेन को फूल माला से सजाया गया। लोको पायलट को माला पहनाकर और प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। ट्रेन का नाम श्री गलता धाम एक्सप्रेस किए जाने के लिए श्री गलता पीठ द्वारा एवं पीठ से जुड़े सैकड़ों भक्तों द्वारा लंबे समय से प्रयास किया जा रहा था। इस अवसर पर श्री गलता पीठ से स्वामी अवधेशाचार्य महाराज, स्वामी राघवेन्द्र महाराज, जयपुर शहर सासंद मंजू शर्मा, गिरधर गोपाल, प्रेमसिंह, देवीलाल, रतन मीणा, सुरेश त्रिवेदी, चांदनी काक, सुनील उदेइया, अनिल चतुर्वेदी, रजनी शर्मा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। डॉ. पुरुषोत्तम भजुरा की अगुवाई में पंजाब, जम्मू-कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश से भक्तों का एक दल सुबह जयपुर पहुंच गया था। उन सभी का स्वागत सम्मान किया गया।

### सिंदूर शौर्य-मातृशक्ति श्रृंखला का आयोजन

**जयपुर (मसं)।** पाकिस्तान और पीओके में 100 से अधिक आतंकियों को मारकर दुश्मन को करारा प्रत्युत्तर देने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में सिंदूर शौर्य-मातृशक्ति श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन 23 मई को शाम 5:30 बजे से होगा। इसमें मातृशक्ति की भागीदारी के साथ सेना के शौर्य को नमन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्रीति ने बताया कि इस अवसर पर विधानसभा से अमर जवान ज्योति तक पैदल मार्च किया जाएगा। इसके बाद मातृशक्ति द्वारा एक श्रृंखला बनाई जाएगी और हमले में बलिदान हुए नागरिकों व जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सर्व समाज मातृशक्ति की ओर से आयोजित किया जा रहा है और सभी महिलाओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है।

**आयोजन** — उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का किया उद्घाटन

# सिटी पैलेस में 20 जून तक प्रतिभागियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

### पारंपरिक चित्रकला, आला गिला, आराईश, ध्रुवपद, कथक, बांसुरी, कैलीग्राफी, ठीकरी जैसी कलाएं शामिल

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट द्वारा सिटी पैलेस में आयोजित सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिटी पैलेस में पिछले 28 वर्षों से सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है। हमारे परिवार की सदैव यह प्राथमिकता रही है कि पारंपरिक कलाओं और शिल्प को संरक्षित रखा जाए तथा उन्हें प्रोत्साहित कर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए। हम इसी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

है कि यह शिविर पारंपरिक कलाओं की प्रतिनिधि संस्था 'रंगरीत' तथा 'सरस्वती कला केंद्र' के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की कला और संस्कृति विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखती है और इसे आगे बढ़ाने का कार्य हमारी भावी पीढ़ियां करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने प्रत्येक जिले में स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 'वॉल पेंटिंग' पहल की शुरुआत की है। इस प्रयास से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को उस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत की जानकारी मिलेगी और पारंपरिक कला को नया जीवन मिलेगा।

#### विभिन्न विधाओं को जानने का मिलेगा मौका

एक माह तक चलने वाले शिविर में प्रतिभागियों को चित्रकला, आला गिला, आराइश, ध्रुवपद, कथक, बांसुरी, कैलीग्राफी, वैदिक ज्योतिष जैसी पारंपरिक कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस वर्ष प्रशिक्षण शिविर में एक नई कला शैली ठीकरी (मिरर वर्क) को भी शामिल किया गया है। शिविर के दौरान प्रसिद्ध कला विशेषज्ञ विभिन्न पारंपरिक कला रूपों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। शिविर का समापन 20 जून को होगा। शिविर का समन्वय रामू रामदेव द्वारा किया जा रहा है, जो बाबूलाल भारोदिया के साथ पारंपरिक चित्रकला कार्यशाला का संचालन भी करेंगे। डॉ. नाथूलाल वर्मा आला गिला और आराइश (फ्रेस्को) का प्रशिक्षण देंगे। वहीं जयपुर घराने का ध्रुवपद डॉ. मधुभट्ट तैलंग द्वारा और जयपुर घराने का कथक एवं लोकनृत्य डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी द्वारा सिखाया जाएगा। बांसुरी का प्रशिक्षण आर.डी. गौड़ देंगे। इसी प्रकार हिंदी और अंग्रेजी में कैलीग्राफी और पोट्रेट का ललित शर्मा के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. ब्रजमोहन खत्री वैदिक ज्योतिष का ज्ञान देंगे। इसके अलावा इस वर्ष शिविर के दौरान बद्री नारायण कुमावत 15 दिन के लिए ठीकरी (मिरर वर्क) कला की बारीकियों से अवगत कराएंगे।

#### उपमुख्यमंत्री ने पौधे और परिंडे भी किए वितरित

कार्यक्रम से पहले उपमुख्यमंत्री ने बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने के लिए पौधे और परिंडे भी वितरित किए। इस दौरान उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उचित दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी, रमा दत्त, संग्रहालय एवं ट्रस्ट के निदेशक, वैभव चौहान और सिटी पैलेस के कला एवं संस्कृति, ओएसडी एवं वैदिक चित्रकार रामू रामदेव उपस्थित रहे।

## प्रदेश समाचार

# कुश्ती को सहेजना और आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी: दत्ता



### बारां में अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**बारां।** राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव दत्ता ने बारां जिले में आयोजित अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आयोजन में जिलेभर से आए युवा पहलवानों, खेलप्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

इस अवसर पर दत्ता ने प्रदेश में कुश्ती को नए स्तर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि कुश्ती हमारी सांस्कृतिक विरासत है। मेरा उद्देश्य है कि हर जिले, हर गांव तक इस खेल को ले जाकर युवाओं को एक नया मंच और भविष्य देने का कार्य किया जाए।

कुश्ती केवल एक खेल नहीं, यह हमारी भारतीय संस्कृति, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक है। यह हमारा माटी से जुड़ा खेल है, जिसे संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। मेरा लक्ष्य है कि हर जिले में कुश्ती को बढ़ावा मिले और युवा प्रतिभाओं को सही प्रशिक्षण, मंच और सुविधाएं मिलें।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुश्ती की गहरी जड़ें हैं और इन क्षेत्रों में खेल के ढांचे को और सशक्त बनाने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। साथ ही, खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोटा में हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ है और राज्य के प्रत्येक जिले में कुश्ती के लिए बुनियादी ढांचा और मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मेहनत, ईमानदारी और खेल भावना के साथ देश और प्रदेश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर किशनगंज विधायक ललित मीणा ने ने कहा कि ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में कुश्ती जैसे परंपरागत खेलों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। इससे युवाओं को अनुशासन, फिटनेस और जीवन के संघर्षों से जूझने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि नव निर्वाचित अध्यक्ष राजीव दत्ता के नेतृत्व में राजस्थान में कुश्ती नए आयाम स्थापित करेगी।

कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग ने कहा कि जिले में कुश्ती की गहरी परंपरा है और हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि हमारे पहलवान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतें। शुभारंभ समारोह से पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजीव दत्ता के पहली बार बारां आगमन पर उत्साह देखा गया। भूल भुलैया चौराहा, अटरू रोड से स्वागत जुलूस निकाला गया, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचा, जहां स्वागत सभा आयोजित हुई। इस दौरान बारां विधायक राधेश्याम बैरवा, कुश्ती संघ के प्रदेश सचिव उम्मेद सिंह, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश, तजेंद्र सिंह बराड़, बद्री गोचर, संजय झांब, राजेश हाड़ा, भीम चौधरी, हरीश शर्मा, कन्हैया लाल मालव आदि मौजूद रहे।

# रंगों में झलका प्रकृति का सौंदर्य, दीवारों पर उकेरी कल्पनाओं की उड़ान



### विद्यार्थियों ने समर कैंप में दिखाई कला की झलक

महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** शहीद जेपी यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे समर कैंप में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से प्रकृति को जीवंत रूप दिया। विद्यार्थियों ने जल रंग और पोस्टर रंगों का प्रयोग कर न सिर्फ कागज, बल्कि दीवारों पर भी सुंदर प्राकृतिक दृश्य उकेरे। समर कैंप में विवेकानंद स्कूल नीमकाथाना की छात्रा कनिष्का के नेतृत्व में बनी पेंटिंग ने सबका ध्यान खींचा। कनिष्का, आराध्या और नवीन जाट की टीम ने मिलकर प्रकृति को केंद्र में रखकर ऐसी कलाकृति रची, जिसने समर कैंप में रचनात्मकता के रंग भर दिए। पेंटिंग में पेड़-पौधे, पहाड़, नदियां और पक्षियों की झलक देखने को मिली, जिससे बच्चों का प्रकृति से जुड़ाव साफ नजर आया। विद्यालय प्रबंधन व अभिभावकों ने बच्चों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कला और प्रकृति का यह संगम बच्चों की सोच और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

# ज्योति रथ यात्रा आगमन पर पाटन में निकाली कलश यात्रा



महानगर संवाददाता

**पाटन।** शांतिकुंज हरिद्वार पर गत 98 दिनों से लगातार प्रज्वलित अखंड ज्योति एवं 2400 तीर्थ स्थल जल व मिट्टी को लेकर ज्योति रथ यात्रा नीमकाथाना उपखंड क्षेत्र के पाटन कस्बे में पहुंची, तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों व युवक-युवतियों और बच्चों ने भाव विभोर हो परंपरागत रूप से अगवानी की। साथ ही मां गायत्री परिवार के सौजन्य से कस्बा स्थित सीताराम मंदिर प्रांगण में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें करीब 251 महिलाओं ने विधि विधान पूर्वक अपने सिर पर कलश स्थापित रखकर ज्योति रथ यात्रा को कस्बा क्षेत्र भ्रमण करवाया। ज्योति रथ से कलश यात्रा शहीद कल्याण सिंह चौक से होते हुए मुख्य बाजार, बस स्टैंड, अस्पताल होकर हरबाई अतिथि गृह पहुंची, जहां मां गायत्री मंत्रोच्चार के साथ घट घट देव स्थापना करवाई गई। सीताराम मंदिर प्रांगण पर दीप यज्ञ रखा गया।

# आईपीएल 2025: गुजरात टाइटंस की नजर शीर्ष स्थान पर

### बाहर हो चुकी लखनऊ आज जीत के साथ करना चाहेगी अंत

महानगर संवाददाता

**अहमदाबाद।** प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी गुजरात टाइटन्स गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करने मैदान में उतरेगी। वहीं क्वालिफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ लीग सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

**गुजरात: गिल-सुदर्शन-बटलर का शानदार प्रदर्शन**

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले छह मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इस सत्र में गिल और साई सुदर्शन ने 12 पारियों में 76.3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। वह आईपीएल इतिहास में एक सत्र में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 100 रन दूर है। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने की ललक को दिखाती है। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर खेलते हुए जॉस बटलर ने ओपनिंग और मध्यक्रम में खेलते हुए 11 पारियों में 71.4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं।



### लखनऊ: कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म ने किया निराश

दूसरी ओर ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ ने निराशाजनक सीजन का सामना किया है। पंत ने पूरे सत्र की 11 पारियों में 12.3 की औसत से मात्र 135 रन बनाए हैं। मैच जीतने के लिए उनका फॉर्म हासिल करना जरूरी है। एडन मारक्रम और मिशेल मार्श के बीच 115 रनों की जुझारू साझेदारी के बावजूद टीम खराब गेंदबाजी और सामरिक चूक के कारण प्रतिस्पर्धी स्कोर का बचाव करने में विफल रही। लखनऊ का मध्यक्रम दबाव में लड़खड़ाता रहा है। निकोलस पूरन और आयुष बडोनी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उनमें भी निरंतरता की कमी रही। लखनऊ ने इस सत्र अपने तीन शीर्ष विदेशी बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका लाभ हुआ। एडन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। आकाश दीप, आवेश खान और रवि बिश्नोई सहित गेंदबाज महत्वपूर्ण मौकों पर सफलता दिलाने में विफल रहे हैं।

# मुम्बई ने तोड़ा दिल्ली का सपना

## 59 रन से हराकर प्लेऑफ में बनाई जगह, सूर्या ने खेली तेजतर्रार पारी

महानगर संवाददाता

**मुम्बई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने बुधवार को अपने घर वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 59 रनों से मात देकर आईपीएल-2025 के प्लेऑफ में जगह बना ली है। इसी के साथ इस सीजन की प्लेऑफ की सभी चार टीमें तय हो गई हैं। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 180 रन बनाए थे। दिल्ली की टीम 19.2 ओवरों में 121 रन ही बना सकी और प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई।

दिल्ली अगर ये मैच जीत जाती, तो रेस में बन रहती, लेकिन पहले सूर्यकुमार यादव और फिर गेंदबाजों ने दिल्ली के अरमानों पर पानी फेर दिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था और मुंबई के बल्लेबाजों को बांधे रखा था, लेकिन आखिरी के ओवरों में सूर्यकुमार ने तेजी से रन बनाए सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर सात चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 73 रनों की पारी खेली। उनके अलावा नमन धीर ने आठ गेंदों पर दो चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 24 रन जोड़े।



**दिल्ली की खराब शुरुआत**

दिल्ली को इस मैच में अच्छी शुरुआत नहीं मिली। इस मैच में अक्षर पटेल की जगह टीम की कप्तानी कर रहे फाफ डुप्लेसी सस्ते में पवेलियन लौट गए। उन्हें दीपक चाहर ने अपना शिकार बनाया। वह छह रन ही बना सके। इसके बाद ट्रेंट बोल्ट ने केएल राहुल की पारी का अंत कर दिया। राहुल 11 रन ही बना सके। विल जैक्स ने अभिषेक पोरेल को आउट कर दिल्ली का तीसरा विकेट भी गिरा दिया। ऐसे में समीर रिजवी और विप्रज निगम ने टीम को संभालने की कोशिश की। दोनों ने टीम का स्कोर 55 तक पहुंचा दिया था और यहां विप्रज सैंटनर की गेंद पर उनको ही कैच दे बैठे। जसप्रीत बुमराह ने ट्रिस्टन स्टब्स को पवेलियन भेज दिल्ली को पांचवां झटका दे दिया। 15वां ओवर लेकर आए सैंटनर ने इसी ओवर में समीर रिजवी और आशुतोष शर्मा को आउट कर दिल्ली की बची कुची संभावना को खत्म कर दिया। बुमराह ने माधव तिवारी को बोल्ड कर दिल्ली का आठवां विकेट गिरा दिया। कर्ण शर्मा ने कुलदीप यादव और बुमराह ने मुस्तफिजुर रहमान को बोल्ड कर दिल्ली को हार सौंपी।



### इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित होगी टीम, गिल और पंत दावेदार

# 24 को मिल जाएगा भारत को नया टेस्ट कप्तान!

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा। भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी, जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हो सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं।

हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है।

**डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की शुरुआत करेगा भारत**

एक रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। इस सीरीज में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट कोहली नहीं होंगे, क्योंकि इन तीनों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है।

बीसीसीआई ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का ऐलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी जगह मिल सकती है।

# प्रणय, करुणाकरण अगले दौर में पहुंचे

### मलेशिया मास्टर्स 2025 : दो बार की चैंपियन सिंधु बाहर, वियतनाम की गुयेन से मिली हार

विशेष संवाददाता

**कुआलालम्पुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स 2025 से बाहर हो गई हैं। वहीं, एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरण ने शानदार जीत दर्ज करते हुए मेंस सिंगल्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

मलेशिया के कुआलालमपुर में खेले जा रहे टूर्नामेंट के पहले दौर में भारतीय शटलर प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21 21-17 21-16 से हराया।



**सिंधु की खराब फॉर्म जारी**

: करुणाकरण ने चीनी ताइपे के तीसरी सीड चोउ टिएन चेन को सिर्फ 39 मिनट में 21-13 21-14 से हराकर उलटफेर किया। भारत के मेंस शटलरों के लिए यह अच्छा दिन रहा, क्योंकि आयुष शेट्टी भी कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए, लेकिन, सिंधु की खराब फॉर्म जारी रही और वह सुपर 500 टूर्नामेंट की शुरुआती बाधा को पार करने में विफल रहीं और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से 11-21, 21-14, 15-21 से हार गईं।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए जोफ्रा आर्चर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इंजर्ड हो गए थे, उन्हें सीधे हाथ के अंगूठे में चोट लगी। जिससे वे अब तक उबर नहीं सके और इंटरनेशनल सीरीज से बाहर हो गए। आर्चर को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम में चुना गया था। सीरीज 29 मई से शुरू होगी। आर्चर की जगह ल्यूक वुड को स्क्वॉड में जगह मिली है।

# बांग्लादेश के खिलाफ बाबर-शाहीन-रिजवान का कटा पत्ता

### टी20 सीरीज : पाकिस्तान की टीम का ऐलान

विशेष संवाददाता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की घरेलू सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में स्टार बल्लेबाज बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी समेत कई बड़े नाम शामिल नहीं हैं। पाकिस्तान के कोच के तौर पर माइक हेसन की पहली सीरीज होगी, जिसके लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की गई है। बल्लेबाज सलमान अली कप्तान बने रहेंगे, जबकि ऑलराउंडर शादाब खान उनके डिप्टी होंगे।

**पीसीबी ने पीएसएल में प्रदर्शन के आधार पर चुनी टीम:** पीसीबी के चयनकर्ताओं ने अनुभवी सफेद गेंद के खिलाड़ी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह को भी टीम में शामिल किया है, लेकिन बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी को टीम में जगह नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि पीसीबी ने घोषणा की है कि टीम का चयन मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।



**पाकिस्तान टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब।

### जिम्बाब्वे 22 साल बाद इंग्लैंड में खेलेगा टेस्ट

**एकमात्र मैच ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा आज से**

विशेष संवाददाता

**हरारे।** जिम्बाब्वे 22 साल के लंबे अंतराल के बाद इंग्लैंड की धरती पर ट्रेंट ब्रिज में 22 मई से बेन स्टोक्स की टीम से एकमात्र मैच खेलेगा। इंग्लैंड नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत शानदार तरीके से करना चाहेगा, जबकि जिम्बाब्वे हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जीत के साथ इंग्लैंड में वापसी का जश्न मनाने की उम्मीद करेगा। जिम्बाब्वे ने आखिरी बार 2003 में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा किया था, जहां मेजबान टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की थी। इससे पहले दोनों टीमें 2000 (इंग्लैंड ने 1-0 से जीत दर्ज की) और 1996-97 में रेड-बॉल फॉर्मेट में भिड़ी थीं, जहां सीरीज ड्रॉ रही थी।

# खेल परिषद का 70 सदस्यीय दल दमन दीव में बीच खेलों में लेगा भाग

### खेल प्रबंधक नरेन्द्र भूरिया चीफ डे मिशन नियुक्त

### राजस्थान का बीच सॉकर में मिश्रित भाग्य, पुरुष जीते, महिलाएं हारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर का 70 सदस्यीय दल दमन दीव में बीच खेलों में भाग लेगा। दल का चीफ डे मिशन खेल प्रबंधक नरेन्द्र भूरिया को नियुक्त किया गया है। राजस्थान को कबड्डी में जहां जीत मिली, वहीं महिला सॉकर टीम पेनल्टी शूटआउट में एक गोल से हार गई।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि 19 से 24 मई तक खेलों इंडिया बीच गेम्स आयोजन दमन दीव में किया जा रहा है। इस खेलों में राजस्थान बीच सॉकर,



पेंचक सिलाट, (महिला/पुरुष), बीच कबड्डी और सेपक तकरा (पुरुष) की टीमें भाग ले रही है।

उन्होंने बताया कि 70 सदस्यीय राजस्थान दल के चीफ डे मिशन खेल प्रबन्धक नरेन्द्र भूरिया को नियुक्त किया गया है। इन खेलों में राजस्थान के पांच खेलों के अलावा मलखम्ब को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया है।

नरेन्द्र भूरिया ने बताया कि कबड्डी में राजस्थान ने रोमांचक मुकाबले में महाराष्ट्र को 50-45 अंकों से हराया। बालिका बीच सॉकर स्पर्धा में राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया मैच 8-8 से बराबरी के बाद पेनल्टी शूट आउट में राजस्थान को एक गोल से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य मैच में राजस्थान की महिला टीम ने अंडमान निकोबार को एक तरफा मुकाबले में 22-03 से हराया। राजस्थान का अगला मुकाबला गुजरात से होगा।

# पिकलबॉल में हाथ आजमाते नजर आए कोहली और अनुष्का

### कार्तिक-दीपिका भी दिखे, आरसीबी ने साझा किया पोस्ट

महानगर संवाददाता

**बेंगलुरु।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबॉल खेलती नजर आई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के टीम बॉन्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकलबॉल खेला और जोड़ीदर के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबॉल में हाथ आजमाया।



पिकलबॉल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें कोहली अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं। इन दोनों के अलावा आरसीबी के बल्लेबाज मेंटर दिनेश कार्तिक और उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल भी मौजूद रहीं। दीपिका भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी हैं।

**आरसीबी के लिए शानदार रहा है सीजन:** सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले आरसीबी ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिवार को इस इवेंट के लिए बुलाया था। आरसीबी के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन काफी शानदार रहा है और टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। सनराइजर्स और आरसीबी के बीच मुकाबला बेंगलुरु में होना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले उसका कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 17 मई को खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया था।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



## कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन ने तिरंगा यात्रा में किया वीर सपूतों को नमन

# नया भारत, नया संकल्प : राठौड़



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री एवं दौसा प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दौसा में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में सहभागिता की और मां भारती के वीर सपूतों के अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मंत्री राठौड़ ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता के प्रति जन-संकल्प की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह हमारे सशस्त्र बलों के प्रति अटूट श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के सशक्त नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के विरुद्ध नए भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को और अधिक मजबूती प्रदान की है। यह ऑपरेशन भारत के साहस, सामर्थ्य की एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कैबिनेट मंत्री राठौड़ ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दौसा की जनता ने इस यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह सिद्ध कर दिया है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और देश के वीर जवानों के सम्मान में संपूर्ण जनता एकजुट है।

## उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ ने बांधे परिंडे



**जयपुर (मसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के कोच केयर कॉम्प्लेक्स जयपुर मंडल में उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ शाखा-1 के पदाधिकारियों ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। यहां खास यह है कि अलग-अलग पदाधिकारियों की परिंडे में पानी भरने के लिए जिम्मेदारी भी तय की गई। इस दौरान वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी गौरव गुप्ता ने संघ के इस कार्य की सराहना की। संघ के प्रवक्ता अनिल चौधरी ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए खाने-पानी की व्यवस्था करना हमारा धर्म है और आज लगाए गए सभी परिंडों में हमने रोज नियमित दाना-पानी डालने की जिम्मेदारी भी तय की है। इस मौके पर संघ शाखा-1 के चेयरमैन रावत अली, कोच केयर कॉम्प्लेक्स डिपो प्रभारी दीपाराम परिहार, सोशल मीडिया प्रभारी महेश शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दिवंगत पुत्र की चल संपत्तियों में हिस्सा नहीं देने का मामला

# हाईकोर्ट ने मां की अपील स्वीकार कर समान राशि देने के दिए आदेश

**जयपुर (मसं)।** दिवंगत पुत्र की चल संपत्तियों में मां को बराबर का हिस्सा नहीं देने से जुड़े मामले में राजस्थान हाईकोर्ट में जस्टिस गणेशराम मीना की बेंच ने मां की ओर से पेश अपील को स्वीकार कर याचिकाकर्ता मां को भी मृतक की पत्नी और पुत्र के समान राशि प्राप्त करने का अधिकारी माना है। एडवोकेट संपत्ति शर्मा ने मृतक आनंद दाधीच की मां हेमलता शर्मा की ओर से पैरवी की। हाईकोर्ट ने हिंदू धर्म में मां के प्रति मातृ देवो भव की भावना का जिक्र करते हुए आदेश में कहा कि मृतक के बेटे-पत्नी के समान मां भी एक-तिहाई हिस्सा प्राप्त करने की अधिकारी है। साथ ही हाईकोर्ट ने पूर्व में बैंक-बीमा-एफडी से प्राप्त की गई राशि को भी अप्रार्थीगण पुत्रवधू वंदना त्रिपाठी व पौत्र चर्चित को याचिकाकर्ता की हिस्सा राशि लौटाने के आदेश दिए हैं। मामले के अनुसार सेशन कोर्ट ने प्रार्थिया मां हेमलता शर्मा निवासी हीरापुरा, अजमेर रोड की ओर से 2021 में पेश प्रार्थना पत्र को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए बिना नॉमिनी घोषित संपत्तियों में ही मां को समान राशि प्राप्त करने का हकदार माना था। उपरोक्त आदेश को हेमलता शर्मा ने अधिवक्ता संपति शर्मा के जरिये हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि उसके बेटे आनंद दाधीच की 1.07 करोड़ की राशि में से उसका एक-तिहाई हिस्सा 35,92,412 रुपए दिलाए जाने के आदेश दिए जाएं। अधिवक्ता संपत्ति शर्मा ने हाईकोर्ट को बताया कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम-1925 के अंतर्गत बेटे की संपत्ति में मां का भी समान हक एवं अधिकार है तथा नॉमिनेशन एक कानूनी व्यवस्था है, जो किसी व्यक्ति को मालिक की मृत्यु के बाद कानूनी उत्तराधिकारियों के लिए संपत्ति का प्रबंधन करने और उसे ट्रस्ट में रखने के लिए नामित करती है। संपत्ति का स्वामित्व नॉमिनेशन के जरिए नॉमिनी व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं किया होता है।

### राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के चुनाव

# महेंद्र सिंह राठौड़ फिर निर्विरोध अध्यक्ष



**जयपुर (मसं)।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) की कार्यकारिणी समिति के चुनाव संपन्न हुए। महेंद्र सिंह राठौड़ एक बार फिर निर्विरोध राटो के अध्यक्ष चुने गए हैं। दलपत सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सुखदेव सिंह उपाध्यक्ष नियुक्त हुए। वहीं मोहन सिंह मेड़तिया को सचिव और नरेंद्र सिंह को संयुक्त सचिव चुना गया। हेमसिंह कोषाध्यक्ष और दिलीप चौहान चेयरमैन इवेंट नियुक्त हुए हैं। इसके अलावा 8 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। इनमें पुष्पेंद्र सिंह, वंश प्रदीप सिंह, कुंदन सिंह, यतीश धाभाई, विनीत विजयन, एसएन शर्मा, पीयूष माथुर व राजेंद्र सिंह राठौड़ शामिल हैं।

# वी यूनिट फाउंडेशन ने की पशु-पक्षियों की सेवा



**जयपुर (मसं)।** वी यूनिट फाउंडेशन की टीम ने बुधवार को पशु-पक्षियों की सेवा करते हुए अमर क्षेत्र में हाथियों को हरा चारा, तरबूज और फल खिलाए। पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई, वहीं सड़कों पर घूम रही गायों को भी चारा खिलाया गया। सेवा कार्य के दौरान उपाध्यक्ष तनीषा तंवर, प्रथम मिश्रा, पायल सेन, अर्जुन शर्मा, निक्की शर्मा, नवीन त्यागी, आरती सिंधी, रोहन, लक्ष्य और समिता सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



# गीतांजलि हॉस्पिटल की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गुर्जर की थड़ी स्थित बाबा रामदेव नगर में गीतांजलि हॉस्पिटल द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। भाजपा नेता गोपाल गुजराती ने बताया कि शिविर में बस्ती के लगभग सभी लोगों ने जांच करवाई। इसमें 25 लोगों ने दवाई और जांच का लाभ प्राप्त किया।



### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय

संपदा प्रबंधक, वृत्त-तृतीय, रा.आ.मं. जयपुर

... पर उक्त आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम उपहार गृहिती का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया है। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्ति गत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता इशिता भररा पुत्री श्री हरजीत सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त तृतीय, रा0आ0म0 जयपुर

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

**- आवश्यक सूचनाः:-**

आवास संख्या 2 च 9, एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर जो कि मूलतः श्री कन्हैया लाल भाटिया पुत्र श्री विसन्दाराम भाटिया को आवंटन पत्रांक 565 दिनांक 13.04.1983 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा आवास का कब्जा दिनांक 08.07.1983 को संभलवा दिया गया था। श्री कन्हैया लाल भाटिया द्वारा उक्त आवास दिनांक 29.06.1991 को नोटेरी से निष्पादित इकरारनामा, मुख्त्यारनामा आम, वसीयतनामा एवं हलफनामा द्वारा श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री पिलादाराम पावा को मण्डल की पूर्व अनुमति के बिना ही बेचान कर दिया गया। श्री ओमप्रकाश की मृत्यु दिनांक 02.12.2003 को एवं श्री ओमप्रकाश की धर्मपत्नि श्रीमती कान्ता देवी की मृत्यु दिनांक 28.12.2007 को हो जाने के उपरान्त उनके उत्तराधिकारी पुत्र श्री भूपेश पहवा द्वारा मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत शपथपत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र व अन्य प्रपत्रों के आधार पर आवास का मृत्यु उपरान्त नाम हस्तांतरण एवं अपने पक्ष में नियमितिकरण कराने हेतु वांछित प्रपत्रों एवं प्रशासनिक शुल्क जमा कराते हुए आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 2 च 9 एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार, व्यक्ति विशेष या हितकारी को एंव आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री भूपेश पहवा पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश के पक्ष में आवास का मृत्यु उपरान्त नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, वृत अलवर

### जयपुर विकास प्राधिकरण

... द्वारा उक्त भूखण्ड की लीजडीड श्री सतपाल पुत्र श्री द्वारकादास के पक्ष में जारी की गई है। तत्पश्चात उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री प्रदीप कुमार लखोटिया के पक्ष में जारी किया गया है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना मुरलीपुरा के भूखण्ड संख्या बी-528 का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टा श्री ज्ञानचन्द गोयल के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-6, जविप्रा जयपुर।

### जयपुर विकास प्राधिकरण

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक: ( ) जविप्रा/जोन-6/2025/ डी-946 दिनांक: 20/5/2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रोहित शर्मा पुत्र श्री रामावतार शर्मा द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर मोती भवन गृ.नि.स.स. की योजना 4 सी माचडा के आवासीय भूखंड संख्या सी-592 दक्षिणी भाग क्षेत्रफल 200 व.ग. का उपविभाजन/ नाम हस्तांतरण जारी करने हेतु आवेदन किया है।

अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कंपनी/ सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा भूखंड संख्या सी-592 दक्षिण भाग का श्री रोहित शर्मा पुत्र श्री रामावतार शर्मा के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-6, ज.वि.प्रा., जयपुर

### कार्यालय उपायुक्त (विद्याधरजोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर

क्रमांक- एफ-55( )वि. जोन/ न.नि.ज.(ग्रे )/ 2025/305

**सार्वजनिक सूचना** दिनांक- 21.05.2025

भूखण्ड सं. 17 जोशी नगर झोटवाडा, जयपुर ( छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति ) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री हनुमान प्रसाद शर्मा पुत्र श्री झूथाराम के पक्ष में 127. 95 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था । मुल आवंटि द्वारा श्रीमती कल्याणी देवी पत्नी श्री हनुमान सहाय के पक्ष में पंजीकृत वसियतनामा की गई श्रीमती कल्याणी देवी की मृत्यु उपरान्त श्रीमती सरोज देवी पुत्री श्री हनुमान सहाय के पक्ष में होगी। श्रीमती सरोज देवी पुत्री श्री हनुमान सहाय ने पंजीकृत वसियतनामा के आधार पर भूखण्ड सं. 17 जोशी नगर झोटवाडा, जयपुर ( छत्रपति शिवाजी गृह निर्माण सहकारी समिति ) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी ।

उपायुक्त विद्याधर नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक रिहायशी अचल सम्पति प्लॉट संख्या 12, सालासर धाम, स्थित खसरा नं. 1303, ग्राम सांगानेर, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, क्षेत्रफल 103.70 वर्गगज है। उक्त सम्पति एवं खसरा सर्वप्रथम खातेदार ज्योति ठक्कर पत्नि जयन्त ठक्कर का नाम राजस्थान के राजस्व रिकॉर्ड मे दर्ज था। ज्योति ठक्कर ने उक्त खसरा मे स्थिति प्लॉट संख्या 12 को विक्रय करने हेतु एक मुख्त्यारनामा विष्णु कुमार शर्मा एव रामजीलाल जाट के हक मे दिनांक 19.06.2008 को निष्पादित किया। तद्पश्चात विष्णु कुमार शर्मा एव रामजीलाल जाट बहैसियत मुख्त्यारनामा उक्त प्लॉट को श्रीमती सध्या उर्फ संध्या देवी को दिनांक 13.10.2009 को विक्रय कर दिया। तद्पश्चात श्रीमती संध्या उर्फ संध्या देवी ने उक्त प्लॉट श्रीमती गीता देवी पत्नि श्यामनारायण गामी को जरिये पंजीबद्ध विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 04.11.2022 को विक्रय कर दिया, जिसका पंजीयन उप-पंजीयक जयपुर-दसम् के यहां क्रम सं. 202203190113662 पर दिनांक 04.11.2022 को किया गया। यह कि ज्योति ठक्कर द्वारा निष्पादित मूल मुख्त्यारनामा कही गुम हो गया हैं जो काफी तलाश के बाद भी नही मिल रहा हैं। यह कि श्रीमती गीता देवी ने उक्त सम्पति पर ऋण लेने हेतु टाइगर होम फाईनेन्स प्राईवेट लिमिटेड के यहां आवेदन किया हैं। यदि किसी भी व्यक्ति का उत्तराधिकार विक्रय, रहन, लीज, लियन, लाईसेन्स, दान या कब्जे के जरिये या अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार, हक या किसी भी बैंक/वितीय संस्था का कोई ऋण/बन्धक हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस मे सूचित कर मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त सम्पति पर रहन कर लिया जावेगा एवं उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नही होगा ना ही मेरे मुव्वकील टाइगर होम फाईनेन्स प्राईवेट लिमिटेड पर बाध्यकारी होगा।

अरूण वी.एस., एडवोकेट,
20/16 ए, गिरनार कॉलोनी, गांधी पथ, क्वींस रोड, जयपुर, 8447482828, 8769059864

... बैचान श्री महेन्द्र कुमार शर्मा एवं श्री बृजेश कुमार को किया गया। तत्पश्चात् श्री बृजेश कुमार द्वारा दिनांक 08.06.2023 को रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूखण्ड का बैचान श्री महेन्द्र कुमार शर्मा को किया गया। तत्पश्चात श्री महेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा दिनांक 19.02.2025 को रजि. विक्रय पत्र भूखण्ड का बेचान आवेदक मैसर्स हैम रियल एस्टेट प्रा.लि. जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री प्रतीक जैन पुत्र श्री हेमचंद को किया गया। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में लीजडीड/नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-8, जविप्रा जयपुर।

### खोया-पाया

मेरे प्लॉट, B-355, कल्पना नगर, जेडीए स्कीम का मूल कब्जा पत्र एवं साइट प्लान कहीं खो/गिर गया, मिलने पर सूचित करें।
हरीकिशन तिवारी, मोबाइल - 9314262225

### नाम-परिवर्तन

मैं संजीव सवानंद गांधी, निवासी 9/660, फ्लेट जी2, चित्रकूट, जयपुर, अपना नाम संजीव गांधी से बदलकर नया संजीव सवानंद गांधी कर लिया है, भविष्य में संजीव सवानंद गांधी के नाम से जाना पहचाना जाऊं।

### प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

... उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 19-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया ।आइदा तारीख पेशी 25/07/2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

### आम सूचना

... कुमार उक्त सम्पत्ति सम्पूर्ण पर मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था Cent Bank Home Finance Limited से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के संबंध में विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

**PERFECT LEGAL COUNSEL**
Add-216, 2nd Floor, Jaipur Tower, M I Road, Jaipur, Raj-302001 Mob.-8302042443 R/1341/03

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक :जविप्रा/उपा./जोन-14/2025/डी-952 — दिनांक: 21.05.25

**आम सूचना**

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 221478 दिनांक 12.05.2025 को निम्नांकित भूखण्ड लीजहोल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीजधारक का नाम | भूखंड संख्या | भूखंड का क्षेत्रफल | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी जविप्रा/ योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मोहित मल्कानी पुत्र श्री राजकुमार मल्कानी | श्री जंगला उर्फ जंगलराम पुत्र श्री चंदा मीणा | 14/OH/74 | 1250.00 व. मी. | जविप्रा | रिंग रोड परियोजना | लीजहोल्ड से फ्री होल्ड | स्वघोषणा पत्र, जारी लीजडीड, पंजीकृत विक्रय पत्र, मौके की फोटो, पहचान पत्र आदि |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में लीजहोल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्डों की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त, जोन-14, जविप्रा, जयपुर।

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक :जविप्रा/उपा./जोन-14/2025/डी-953 — दिनांक: 21.05.25

**आम सूचना**

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 221484 दिनांक 09.05.2025 को निम्नांकित भूखण्ड लीजहोल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीजधारक का नाम | भूखंड संख्या | भूखंड का क्षेत्रफल | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी जविप्रा/ योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रजत कपूर पुत्र श्री दिनेश कपूर | श्री पुरूषोत्तम शर्मा पुत्र श्री श्योनाथ | 14/OH/185 | 627.00 व. मी. | जविप्रा | रिंग रोड परियोजना | लीजहोल्ड से फ्री होल्ड | स्वघोषणा पत्र, जारी लीजडीड, पंजीकृत विक्रय पत्र, मौके की फोटो, पहचान पत्र आदि |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में लीजहोल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्डों की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त, जोन-14, जविप्रा, जयपुर।

राजस्थान सरकार

### कार्यालय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बनीपार्क, जयपुर (राज.)

Email Id: iti w jaipur@yahoo.co.in — Phone No. 0141-2280455

क्रमांक : प.औप्रस/लेखा/2025/2629 — दिनांक : 08.05.2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर के भंडार में अनुपयोगी /अप्रचलित नकारा निस्तारण योग्य स्क्रेप सम्मिलित है की नीलामी दिनांक 28.05.25 को प्रातः 11:00 बजे नीलामी कमेटी द्वारा संस्थान परिसर में की जाएगी। नीलामी योग्य सामान का पुस्तक मुल्य 1631825/- है। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक जीएसटी धारक फर्म/प्रतिनिधि द्वारा नीलामी सामान के पुस्तक मुल्य का 2 प्रतिशत के हिसाब से अमानत राशि 32636/- जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकते है। IT equipment के लिए प्रदूषण प्रमाण पत्र केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड / राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा जारी E-Waste प्रमाण पत्र धारी फर्म नियमानुसार निलामी में भाग ले सकते है। उक्त का विस्तृत विज्ञप्ति SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है। निलामी की शर्तें और सामान का अवलोकन कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस पर किया जा सकता है।

UBN-TET2526GLOB00011
NIB-TET2526A0014
डीआईपीआर/सी/6241/2025 — सहायक निदेशक प्रशिक्षण

### उत्तर मध्य रेलवे

No. Dy.CE/GSU/AGC/Tenders — Date: 19.05.2025

**ई-निविदा सूचना सं. DYCE-GS-AGC-2025-05 dated 19.05.2025**

उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु E-TENDER द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**टेंडर संख्या :** DYCE-GS-AGC-2025-07 — **कार्य की अनुमानित लागत :** Rs. 2.89 Cr.

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि :** अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत आगरा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 12 यात्री लिफ्टों के प्रावधान हेतु सिविल कार्य। **बिड सिक्योरिटी :** रू. 294500.00, **पूर्णता अवधि :** 08 माह

**टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक : 11.06.2025 को 15:00 बजे तक टेंडर डाल सकते हैं।

● पूरी जानकारी एवं टेंडर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। ● टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 11.06.2025 को 15:00 बजे तक डाल सकते हैं। 874/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

### क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

LiFE Lifestyle for Environment

RPCB/RO KSG/PUB-418/314 — Date:12.05.2025

**पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

विषय:- श्रीमती छोटी पत्नी श्री गोपाल गुर्जर, खनन पटटा संख्या 24/2023 (रेफरेंस संख्या 20231000091305) निकट ग्राम प्रतापपुरा, तहसील भिनाय, जिला अजमेर द्वारा प्रस्तावित ग्रेनाईट खनिज क्लस्टर खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रेनाईट खनिज खनन कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 29.7698 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता-20,51,966 टीपीए (आर.ओ.एम.) आवेदक श्रीमती छोटी पत्नी श्री गोपाल गुर्जर द्वारा प्रस्तावित ग्रेनाईट खनिज खनन परियोजना है जिसका खनन क्षेत्र 1.0963 हैक्टेयर है तथा प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 75.012 टीपीए (आर.ओ.एम.) जो कि खनन पटटा संख्या 24/2023 (रफरेंस संख्या 20231000091305) निकट ग्राम प्रतापपुरा, तहसील भिनाय, जिला अजमेर में स्थित है से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि श्रीमती छोटी पत्नी श्री गोपाल गुर्जर ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्तपरियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्तपरियोजना हेतु वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
3. उक्त परियोजना से सम्बंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है.

1. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर।
2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला-अजमेर।
5. तहसील कार्यालय-भिनाय, जिला-अजमेर। 6. आई. टी.सेन्टर, क्रांति, तहसील भिनाय, जिला अजमेर।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर के पत्र क्रमांक कअ/सामान्य /2025/राजकाज रेफरेंस संख्या 15196219 दिनांक 09.05.025 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्तसमूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 23.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान:-आई. टी.सेन्टर, क्रांति, तहसील भिनाय, जिला अजमेर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप /सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप / सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला-अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(निधि खण्डेलवाल)
वरिष्ठ पर्यावरणीय अभियंता एवं क्षेत्रीय अधिकारी

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-14/2025/डी-951 — दिनांक : 20.05.2025

**सार्वजनिक सूचना**

आवेदक श्री गोविन्द बिल्ड प्रोजेक्ट एल.एल.पी. जरिये पार्टनर श्री बद्रीनारायण गुप्ता पुत्र श्री जगदीश नारायण द्वारा निजी खातेदारी के आवासीय ग्रुरुपहाउसिंग एकल पट्टा ग्राम बीलवाकला तह. सांगानेर खसरा नम्बर 1902, 1903, 1904, 1905, 1906, 1907, 1908, 1920, 1921 क्षेत्रफल 12241.04 व.मी. में से पंजीकृत विक्रय पत्रों दिनांक 10.02.2023 एवं 10.02.2023 के द्वारा क्षेत्रफल 1806.98 व.मी. भूमि का विक्रय होने से शेष क्षेत्रफल 10434.04 व.मी. में उपविभाजन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड में से उपविभाजित भूखण्ड क्षेत्रफल 1806.98 व.मी. भवन विनियम 2020 के अनुसार क्षेत्रफल 5000 व.मी. से कम होने एवं मौके पर बिल्टअप क्षेत्रफल प्राप्त नहीं होने के कारण गैरअनुमोदित रखा जाना प्रस्तावित है। यदि उक्त आवेदन/अनुमोदन/कार्यवाही पर किसी को कोई आपति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस की अविध में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जोन-14, जविप्रा में अपने दस्तावेजों सहित आपति प्रस्तुत करें। उक्त कालावधि में आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। सूचित रहे। यह विज्ञप्ति आज दिनांक 20.5.2025 को जारी की गई है।

उपायुक्त जोन-14, जविप्रा जयपुर।

### आम सूचना

अल्टो कार संख्या RJ14CJ8423 जो कि हमारे पिताजी ओमप्रकाश अग्रवाल के नाम से पंजीकृत है, जिनका स्वर्गवास दिनांक 23.12.2020 को हो गया, और हमारी माताजी गीता देवी अग्रवाल का स्वर्गवास भी दिनांक 30.04.2021 को हो गया, अब उक्त वाहन का हस्तांतरण हमारी बहिन उषा अग्रवाल के नाम से करवाना चाहते है, यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 कार्य दिवस में जिला परिवहन अधिकारी झालाना डूंगरी,जयपुर में सम्पर्क करें।

अशोक अग्रवाल, आशा अग्रवाल

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री मनोहर लाल जांगिड आयु 67 साल एवं श्रीमती मधु देवी आयु 65 साल निवासी 138ए ग्रीनपार्क बी नांगल जैसा बोहरा जयपुर का एक पुत्र मनोज कुमार आयु 45 साल एवं विनित पत्नी मनोज जो कि मेरे अभिभाष्यगण की सेवा सुश्रुषा नहीं कर रहे है इस कारण मेरे अभिभाष्यगण अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल व अचल सम्पतियों के अधिकारों से वंचित कर बेदखल करते है एवं सूचित करते है कि जो कोई इनसे किसी प्रकार से संव्यवहार करता है वह स्वयं ही जिम्मेदार होगे। मेरे अभिभाष्यगण की कोई विधिक जिम्मेदारी नही होगी। अतः सूचित रहे।

जयपुर : — मुकेश कुमार पाठक (एडवोकेट)
दिनांक : 21.05.2025 — मोबाइल नं. 7296927353

### आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या अंजना देवी पत्नी श्री देशराज, निवासी-प्लाट संख्या 34, बालाजी एनक्लेव, बल्लुपूरा, ताडकेश्वर मन्दिर, जामडोली, जयपुर-302031 के पुत्र कवल जीत सिंह व उसकी पत्नी व उनके बच्चे मेरी अभिभाष्या के कहने, सुनने में नहीं है तथा मेरी अभिभाष्या के साथ खराब आचरण करते है, इस कारण से मेरी अभिभाष्या अपने पुत्र कवल जीत सिंह व उसकी पत्नी व उनके बच्चों को अपनी समस्त प्रकार की चल एवं अचल सम्पत्ति एवं परिवार से बेदखल करती है। मेरी अभिभाष्या के पुत्र कवल जीत सिंह व उसकी पत्नी व उनके बच्चे से कोई भी व्यक्ति/संस्था/फर्म किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी, इसमें मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अनिल कुमार शर्मा (एडवोकेट)
दिनांक : 20.05.2025 — मोबाइल नं. 9875199563

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : (218123)जविप्रा/जोन-11/2025/डी-5713 — दिनांक : 06.05.2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री सुधीर शर्मा द्वारा निजी खातेदारी की आवासीय योजना रॉयल विला के भूखण्ड सं. 28 क्षेत्रफल 94.62 वर्गगज का नाम हस्तानान्तरण जारी किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड की लीजडीड क्रमांक 1151 दिनांक 25.11.2011 के द्वारा मैसर्स रोशन कोलोनाईजर्स प्रा. लि. जरिये निदेशक श्री श्रवण कुमार शर्मा पुत्र श्री सीताराम शर्मा के पक्ष में जारी किया गया था। तत्पश्चात् इनके द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13.12.2011 के द्वारा मां वैष्णों देवी बिल्डमार्ट प्रा. लि. जरिये अधिकृत निदेशक श्री अरविन्द खुराना पुत्र श्री रामनाथ खुराना को बेचान किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 25.10.2012 के द्वारा श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री सुधीर शर्मा को बेचान किया गया। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं नई एसओपी के अनुसार एक से अधिक बेचान के दस्तावेजों आदि के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानान्तरण, श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री सुधीर शर्मा के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को जोन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि पश्चात् प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त जोन-11, जविप्रा जयपुर।

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : जविप्रा/उपा. जोन-8/2025/डी-142 — दिनांक : 20.05.2025

**विज्ञप्ति**

आवेदक श्री बाबु लाल चौधरी पुत्र श्री कानाराम चौधरी द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निजी खातेदारी की योजना पार्श्वनाथ नारायण सिटी के भूखण्ड संख्या ए-27 क्षेत्रफल 167.20 व.मी. का उपविभाजन किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। निजी खातेदारी की योजना पार्श्वनाथ नारायण सिटी के भूखण्ड संख्या ए-27 क्षेत्रफल 167.20 व.मी. की लीजडीड श्रीमती पुरूषोत्तमा कुमारी पत्नी श्री शिशुपाल सिंह झाझरिया के नाम जारी की गई। तत्पश्चात् इनके द्वारा दिनांक 20.05.2024 को रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूखण्ड का बैचान श्री सुदेश कुमार पुत्र श्री सुमेर सिंह को किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा दिनांक 16.04.2025 को रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूखण्ड का बैचान आवेदक श्री बाबु लाल चौधरी पुत्र श्री कानाराम चौधरी को किया गया। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तत कर दें, अन्यथा बाद-मियाद आवेदक के पक्ष में लीजडीड/नाम हस्तान्तरण पत्र जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

उपायुक्त जोन-8, जविप्रा जयपुर।

### कार्यालय नगर परिषद नीमकाथाना

NEEMKATHANA.JAIPUR@YAHOO.COM — PHONE NO 01574-230035

क्रमांक : न.प.नीम/2025-26/780 — दिनांक : 20/05/2025

**आपति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपरिषद नीमकाथाना में निम्नलिखित व्यक्ति के द्वारा उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रयोजन हेतु आवेदन किया गया है। अतः निम्न अंकितानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो, तो नगरपरिषद नीमकाथाना में 15 दिवस मेंमय सबूत अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद गुजरने म्याद नियमानुसार आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की एकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | विवरण | भू-खण्ड/सम्पत्ति का विवरण जहां स्थित है |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अंकित केजरीवाल पुत्र श्री राजेश केजरीवाल | आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन | रामलीला मेदान, नीमकाथाना में स्थित खसरा संख्या 727 आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 300 व0गज |
| 2 | श्री विष्णु कान्त गुप्ता पुत्र श्री कैलाशचन्द | आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन | रामलीला मेदान, नीमकाथाना में स्थित खसरा संख्या 727 आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 300 व0गज |
| 3 | श्री ओमप्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री बैजुलाल (बैजनाथ) | आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन | रामलीला मेदान, नीमकाथाना में स्थित खसरा संख्या 727 आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 480.11 व0गज |
| 4 | श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री स्व. घनश्याम दास | आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन | रामलीला मेदान, नीमकाथाना में स्थित खसरा संख्या 741/2 आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 585 व0गज जिसमें 462 वर्ग गज |

आयुक्त
नगरपरिषद नीमकाथाना

## अखिल भारतीय रैगर महासभा का प्रतिनिधि सम्मेलन, मुख्यमंत्री हुए शामिल

# सभी वर्गों का विकास करना हमारा संकल्प : भजनलाल

### संत आत्माराम लक्ष्य का पैनोरमा बनाने की घोषणा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिला, गरीब, युवा और किसान सहित हर वर्ग के उत्थान से ही देश का उत्थान हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि देश का हर वर्ग, हर जाति और हर समाज उन्नति कर रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को बिड़ला सभागार में अखिल भारतीय रैगर महासभा के प्रतिनिधि सम्मेलन और अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संत जीवाराम, संत आत्माराम और बाबा साहेब अंबेडकर को नमन कर समाज प्रतिभाओं को बधाइयां दीं।

शर्मा ने कहा कि आजादी से पूर्व से ही रैगर समाज का राष्ट्रहित में अहम योगदान रहा है। हमारी सरकार ने भी आवश्यक निर्णय लेकर सभी समाजों के विकास कार्यों को गति दी है। इस दौरान उन्होंने देश में संस्कृति, विरासत और समाज समानता में अहम भूमिका निभाने वाले 'संत आत्माराम लक्ष्य' का पैनोरमा बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे संत आत्माराम लक्ष्य के विचारों को आत्मसात कर युवा राष्ट्र विकास के मार्ग पर चल सकेंगे।




### गरीब कल्याण के लिए योजनाएं संचालित

सीएम शर्मा ने कहा कि देश में अब गरीबी हटाओ के नारों के बजाय गरीब कल्याण की दिशा में कार्य हो रहे हैं। उन्होंने समाज के लोगों से बाबा साहब के बताए रास्तों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान निभाने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर दिल्ली से सांसद योगेंद्र चांदोलिया, विधायक रामसहाय वर्मा, महासभा अध्यक्ष बी.एल. नवल सहित विभिन्न राज्यों से आए समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### 'भावी पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत बनेंगे पंचतीर्थ'

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस समतामूलक और शिक्षित समाज की परिकल्पना की थी, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। भावी पीढ़ी को डॉ. अंबेडकर के राष्ट्र विकास में योगदान, अमूल्य कार्यों व विचारों से प्रेरणा मिलेगी। इसके लिए उनके जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचतीर्थ भ्रमण योजना के तहत राज्य सरकार अनुसूचित जाति के लोगों को बाबा साहेब के जीवन से जुड़े तीर्थों का भ्रमण करा रही है। शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण एवं श्रम सुधार जैसे क्षेत्रों में बाबा साहेब ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बावजूद आजादी के बाद लंबे अर्से तक उन्हें सम्मान नहीं मिल पाया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत कर देशवासियों की ओर से उन्हें सच्चा सम्मान दिया। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के साथ ही प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब की विरासत और आजाद भारत को लेकर देखे गए सपनों को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

### 'वंचित वर्गों का सशक्तीकरण हमारी प्राथमिकता'

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भी बाबा साहब के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और अनाथ व जरूरतमंद बच्चों की देखभाल के लिए पालनहार योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जा रही हैं। विमुक्त, घूमंतु और अर्द्धघूमंतु समुदाय के कल्याण के लिए 'दादूदयाल घूमंतु सशक्तीकरण योजना' में 60 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इन समुदाय को 26 हजार आवासीय पट्टे देने का बड़ा कार्य भी किया गया है। शर्मा ने कहा कि जयपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय के तहत अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज एंड रिसर्च की शुरुआत भी की गई है।

## वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तीकरण के लिए जिला मुख्यालयों पर कार्यशाला 28 को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 28 मई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित करवाई जाएगी। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने इस बारे में सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में मनोवैज्ञानिक, योग प्रशिक्षक, आहार विशेषज्ञ, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिलाधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, परामर्शदाताओं के अलावा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे तथा वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी देंगे।

## आखिर कंवरलाल मीणा ने कोर्ट में किया सरेंडर





### सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह में सरेंडर करने के दिए थे आदेश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंता से भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा ने करीब एक माह से जारी लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार बुधवार को मनोहर थाना कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सरेंडर से पूर्व कंवरलाल मीणा ने प्रसिद्ध तीर्थ कामखेड़ा बालाजी मंदिर के दर्शन किए और बालाजी का आशीर्वाद लिया। विधायक मीणा को सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर कोर्ट में सरेंडर करने के आदेश दिए थे। इस बीच उनकी विधायकी बनी रहेगी या जाएगी, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है, वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने की चेतावनी दी है।

विधायक कंवरलाल मीणा पर 20 वर्ष पूर्व चुनाव अधिकारी पर पिस्टल तान धमकाने और राजकार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगा था और इस मामले में एडीजे कोर्ट अकलेरा ने मीणा को तीन साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ मीणा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों जगह गए, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली और आखिर उन्हें सरेंडर करना पड़ा। हालांकि अभी उनकी एक रिव्यू पिटीशन सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, जिस पर फैसला आना बाकी है।

### विधायकी पर संशय के बादल

लोकप्रतिनिधित्व कानून के तहत दो वर्ष या इससे ज्यादा की सजा पर विधायकी समाप्त होने का प्रावधान है, लेकिन अभी तक इस बारे में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का कोई फैसला सामने नहीं आया है। कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से उन्होंने मंगलवार को कहा था कि इस मामले में महाधिवक्ता से कानूनी राय मांगी है और राय आते ही निर्णय कर दिया जाएगा। उधर इस मामले में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बुधवार को चेतावनी दी कि कंवरलाल के मामले में कोई फैसला नहीं किया गया तो वे खुद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए जूली ने कहा कि एक महीने का समय हो गया, लेकिन अंता विधायक की सदस्यता अभी तक रद्द नहीं की गई है। एक देश में दो कानून नहीं हो सकते हैं। संवैधानिक पदों पर बैठे लोग संविधान का मजाक बना रहे हैं।

वहीं राज्यपाल के पास दया याचिका का एक विकल्प भी है, हालांकि इस मामले में विधायक कंवरलाल मीणा का कहना है कि वे न्यायपालिका पर पूरा विश्वास करते हैं। न्यायपालिका ने उन्हें दो सप्ताह के भीतर कोर्ट में सरेंडर करने को कहा था, जिसके बाद वे मनोहर थाना कोर्ट में सरेंडर कर रहे है। रिव्यू पिटीशन और राज्यपाल के यहां दया याचिका के मामले में उनका वकील ही कुछ बता सकता है। उन्हें जानकारी नहीं है।

## 25 नाबालिग बच्चों को बचाया



महानगर संवाददाता

**आसनसोल।** झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को चेन्नई ले जाने की सूचना पर आरपीएफ, जीआरपी और एक एनजीओ पराजक ने संयुक्त विशेष जांच के दौरान तांबरम एक्सप्रेस ट्रेन से 25 नाबालिग बच्चों को आसनसोल स्टेशन पर बचाया गया। बाद में सभी बच्चों को आसनसोल जीआरपी थाना लाया गया। सभी बच्चों की आधार कार्ड के आधार पर जांच की जा रही है। इन बच्चों को काम करवाने के लिए चेन्नई ले जाया जा रहा था। बच्चों को ले जाने वाले का पता नहीं चल सका है। इस मामले में जांच की जा रही है।

## एसएमएस में 75 वर्षीय बुजुर्ग के पेट से निकाली 5 किलो की कैंसर की गांठ

### जयपुर के श्योसिंहपुरा निवासी बुजुर्ग को मिला नया जीवन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल में जयपुर तहसील के श्योसिंहपुरा निवासी एक 75 वर्षीय बुजुर्ग के पेट से 5 किलोग्राम की कैंसर की गांठ निकाली गई। एसएमएस के सीनियर प्रोफेसर डॉ. बीएल यादव ने बताया कि ये ऑपरेशन करीब ढाई घंटे तक चला। चूंकि गांठ कैंसर की थी, जो पेट के साथ किडनी और शरीर के दूसरे अंगों से जुड़ी हुई थी। इसके कारण दूसरे अंगों को बचाकर एन ब्लॉक निकालना बहुत जरूरी था। हालांकि ऑपरेशन सफल रहा और मरीज को अब छुट्टी दे दी है। इस केस को अब मेडिकल जनरल में केस प्रजेंटेशन के रूप में भी रखा जाएगा।



### तीन साल से परेशान था मरीज

एसएमएस जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. बीएल यादव ने बताया कि मरीज की उम्र 75 साल है और वे गांठ को लेकर 3 साल से परेशान थे। जयपुर निवासी मरीज ने जब ओपीडी में दिखाया तो उसे भर्ती किया और सीटी स्कैन, एमआरआई समेत अन्य कई जांच करवाने के बाद स्थिति का पता चला। इसके बाद ऑपरेशन करने का निर्णय किया। ऑपरेशन में करीब ढाई घंटे का समय लगा। इस दौरान मरीज की छाती से लेकर पेट तक का एक बड़ा हिस्सा ऑपरेशन के दौरान खोलना पड़ा। इसके लिए 15 सेमी लंबा चीरा लगाया। ऑपरेशन के दौरान मरीज के गांठ का संपूर्ण हिस्सा (एन ब्लॉक) को निकाला गया, जिससे कैंसर के कोई सेल न छूट जाएं। ऑपरेशन के बाद मरीज को छुट्टी दे दी है और उसके आगे के ट्रीटमेंट के लिए सजेस्ट किया है। ऑपरेशन में उनके साथ डॉ. रेणुका, डॉ. दर्शन, डॉ. आशीष गर्ग, डॉ. नीतिश, डॉ. योगेश, डॉ. घनेन्द्र, डॉ. कीर्ति के अलावा एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट से डॉ. कंचन चौहान, डॉ. इंदू और डॉ. सुनील चौहान मौजूद रहे।




स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25